डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-अजय देवगन की बेटी नीसा बोल्ड ड्रेस पहन पहुंची पार्टी में, लोगों ने कहा 'एक मिनट, ये इतनी गोरी कैसे हो गई

वर्ष -08 अंक -292 | प्रयागराज ,बुधवार, 15, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### विपक्ष पर जमकर बरसे अमित शाह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से लेकर बीबीसी की डॉक्युमेंट्री के मुद्दे पर खुलकर जवाब दिया। को दिए इंटरव्यू में उन्होंने विरोधी दलों को आड़े हाथ भी लिया। इसके अलावा शाह ने कांग्रेस



पर पलटवार किया है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और बीबीसी डॉक्युमेंट्री को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में शाह ने कहा, ठहजारों षडयंत्र से सच्चाई को नुकसान नहीं पहुंच सकता है। सच्चाई सूरज की तरह चमकती है। ये लोग पीएम मोदी के पीछे 2002 से पड़े हैं। हर बार वह मजबूत, सच्चाई से और लोगों के बीच अधिक लोकप्रियता हासिल करके उभरे हैं।ठ पीएम मोदी ने हाल ही में संसद सत्र के दौरान कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोला था। मोदी ने कहा था कि यूपीए सरकार ने 2004 से 2014 के बीच अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में हर अवसर को संकट में बदल दिया। पीएम मोदी ने कहा कि 2004 और 2014 के बीच यूपीए का कार्यकाल घोटालों से भरा था। वहीं, शाह ने भी कहा कि यूपीए के कार्यकाल में 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले हुए थे। गृह मंत्री ने इस इंटरव्यू में अदाणी मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष के आरोपों के बीच शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया है। एक मंत्री के रूप में मेरे लिए इस पर बोलना सही नहीं है, लेकिन इसमें भाजपा के लिए छिपाने या इससे डरने के लिए कुछ भी नहीं है।इसके अलावा अमित शाह ने त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत का दावा भी किया है। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन दोपहर 12 बजे से पहले भाजपा बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी होगी।

## देश के उन वीरों को याद कर रहा हूं पुलवामा हमले की बरसी पर बोले पीएम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की आज बरसी है। पूरा देश आज आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को याद कर रहा है। बता दें कि पुलवामा हमले में देश के 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे। पुलवामा हमले की बरसी पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई हस्तियों ने श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा, ठउन वीरों को याद करा रहा हूं, जिन्हें हमने पुलवामा में खो दिया था। हम उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। उनका साहस हमें एक मजबूत और विकसित भारत बनाने के लिए प्रेरित करता है।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। देश उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनका शौर्य और अदम्य साहस हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। गौरतलब है कि 14 फरवरी 2019 को आतंकियों ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवंतीपोरा के पास पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला किया था। इस विस्फोटक हमले में 40 से ज्यादा जवान शहीद हो गए थे।



## 2023 में हवाई यात्रियों की संख्या और बढ़ेगी केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने ऐसा क्यों कहा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने सोमवार को कहा कि जी-20 बैठकों और अन्य कारकों के कारण इस साल हवाई यात्रियों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है। उन्होंने देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश पर काफी प्रभाव पड़ने के बाद हवाई यातायात बढ़ रहा है। रेड्डी, जो पर्यटन मंत्री हैं, ने कहा कि जी-20 बैठकों और अन्य कारकों के कारण 2023 के अंत तक हवाई यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी। पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए विमानन महत्वपूर्ण है। रेड्डी पहुंच गया। क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना ळ३ॅ (उड़े देश का आम नागरिक) के बारे में बात करते हुए रेड्डी ने कहा कि योजना के लिए अब तक 2,360 करोड़ रुपये की राशि वायबिलिटी गैप फंडिंग के रूप में दी गई है। उन्होंने कहा कि नौ हेलीपोर्ट और दो वाटर एयरोड्रोम सहित 73



डाला। मंत्री के अनुसार, सरकार विमान की एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल) गतिविधियों के लिए देश को हब बनाने के लिए भी प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार परिचालन उड़ान मार्गों की संख्या के साथ-साथ हवाई अड्डों की संख्या भी बढ़ा रही है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा विमानन बाजार है और कोरोनोवायरस महामारी से इस क्षेत्र संस्कृति मंत्रालय और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के प्रभारी भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत में घरेलू यात्रियों की संख्या 2014 में 60 मिलियन से बढ़कर 2020 में कोविड-19 से पहले 143 मिलियन हो गई है। अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों में भी 23 मिलियन से 35 मिलियन तक उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 12 फरवरी को, घरेलू हवाई यात्री यातायात 2,935 उड़ानों पर 4,37,800 पर हवाईअड्डों से जुड़े 460 से अधिक उड़ान मार्गों को चालू कर दिया गया है। लगभग 76 मार्ग उत्तर-पूर्व को जोड़ते हैं और पर्यटन मंत्रालय 50 से अधिक मार्गों को भी वित्तपोषित करता है और साथ ही इस योजना के तहत अन्य 10 को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 8 वर्षों में परिचालन हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 147 हो गई है। आने वाले वर्षों में 220 हवाई अड्डे बनाने का लक्ष्य है।

## बर्फीली हवाओं ने मैदानों में गिराय पारा, अभी और बढ़ेगी ठिठुरन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के कुछ राज्यों में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी हवाओं के कारण पारा अभी और गिर सकता है। आज साफ रहेगा आसमान मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मंगलवार को आसमान साफ रहेगा। हालांकि,




इलाकों में पड़ रहा है। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाएं दिल्ली-एनसीआर के अलावा कई इलाकों में ठंड का एहसास करा रही हैं। बर्फीली हवाओं ने मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। दिल्ली में सोमवार सुबह से तेज हवा चल रही थी। दिल्ली में अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, हवा में नमी का स्तर 25 से 62 प्रतिशत रहा। उत्तर प्रदेश में भी बर्फीली हवाओं से लोग परेशान रहे। प्रदेश के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। बर्फीली 20 से 40 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। ठिठुरन भी लोगों को सताएगी। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 26 व 12 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। बुधवार से इसमें वृद्धि होने के आसार हैं। वहीं, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश की संभावना है।सर्द हवाओं के चलते यहां तापमान में गिरावट आई है। हालांकि, तेज धूप से लोगों को ठंड से राहत मिल रही है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 17 फरवरी तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान तापमान में इजाफा हो सकता है।

## टीवी सेट में निर्माण के समय ही सैटेलाइट ट्यूनर लगाने के किए जा रहे प्रयासः सूचना एवं प्रसारण मंत्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री



अनुराग ठाकुर ने सोमवार को जानकारी दी कि 200 से अधिक चैनलों तक पहुंच प्रदान करने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं कि टेलीविजन सेटों में बिल्ट-इन सैटेलाइट ट्यूनर लगाए जाएं। इससे दर्शक सेट टॉप बॉक्स के बिना ही मुफ्त चैनल देख पाएंगे। अनुराग ठाकुर ने बताया कि यदि टीवी सेट में बिल्ट-इन सैटेलाइट ट्यूनर होगा तो अलग सेट-टॉप बॉक्स की जरूरत नहीं होगी। दर्शक सिर्फ एंटीना लगाकर मुफ्त टेलीविज़न और रेडियो चैनल देख पाएंगे। फिलहाल टीवी दर्शकों को दूरदर्शन द्वारा प्रसारित मुफ्त (गैर-एन्क्रिप्टेड) चैनलों सहित विभिन्न चैनल देखने के लिए सेट-टॉप बॉक्स खरीदना पड़ता है। हालांकि इस मामले में अभी निर्णय लिया जाना बाकी है। पिछले वर्ष दिसंबर में ठाकुर ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा कि वे टेलीविजन निर्माताओं को औद्योगिक मानक ब्यूरो द्वारा बिल्टी-इन उपग्रह ट्यूनरों के लिए जारी मानक अपनाने के निर्देश जारी करें। दूरदर्शन एनालॉग प्रसारण को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की प्रक्रिया में है। मुफ्त चैनलों का डिजिटल सैटेलाइट से प्रसारण जारी रहेगा। ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर कोविड-19 महामारी के दौरान कक्षा 1 से 12 तक के लिए रिकार्ड समय में स्वयं प्रभा चैनल शुरू किए गए ताकि गरीब और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे भी शिक्षा हासिल कर सकें। समाचार-शिक्षा चैनलों के अलावा फ्री डिश पर सामान्य मनोरंजन चैनलों का भी काफी विस्तार हुआ है। 2015 से लेकर अब तक दूरदर्शन की मुफ्त डिश वाले परिवारों की संख्या दोगुनो से अधिक हो गई है। केपीएमजी की एक रिपोर्ट के अनुसार 2015 में दूरदर्शन फ्री डिश उपयोगकर्ताओं की संख्या दो करोड़ थी। 2021 में यह संख्या बढ़कर चार करोड़ तीस लाख हो गई।

## आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने एयरो इंडिया में लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर में भरी उड़ान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बेंगलूरू के येलहंका एयरबेस में एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो 2023



के 14वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस दौरान भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कर्नाटक के बेंगलुरु में एयरो इंडिया में लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर से उड़ान भरी। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा, यह बहुत संतोषजनक और सार्थक अनुभव था।

## नहीं बिके हीरा कारोबारी नीरव मोदी के फ्लैट, घटी दरों पर फिर से होगी नीलामी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** पुणे में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की करीब 18 करोड़ रुपये की दो संपत्तियों की तीन फरवरी को



हुई नीलामी बेकार साबित हुई। संपत्तियों को खरीदने के लिए कोई आगे नहीं आया। अब ऋण वसूली न्यायाधिकरण-प्रथम (डीआरटी-1), मुंबई के वसूली अधिकारी आशु कुमार ने गुरुवार को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनएबी) द्वारा दायर एक मामले में मोदी और अन्य के स्वामित्व वाले दो फ्लैटों की कम दर पर फिर से नीलामी का आदेश दिया। इन संपत्तियों की ई-नीलामी को 20 मार्च, 2023 तक पीएनबी के लगभग 11,777 करोड़ रुपये के बकाये का एक हिस्सा वसूल करने का एक और प्रयास माना जा रहा है। फरवरी 2023 तक पीएनबी का बकाया 11,653 करोड़ रुपये हो जाएगा, जो 20 मार्च तक 124 करोड़ रुपये और बढ़ जाएगा। ई-नीलामी की जाने वाली संपत्तियों में एफ1 बिल्डिंग पर दो निकटवर्ती फ्लैट (संख्या 1601 और 1602), हडपसर, पुणे में योपुणे हाउसिंग स्कीम की 16वीं मंजिल शामिल है। पीएनबी ने दो फ्लैटों के लिए क्रमशः 8.10 करोड़ रुपये (8.99 करोड़ रुपये से कम) और 8.04 करोड़ रुपये (8.93 करोड़ रुपये से कम) का आरक्षित मूल्य निर्धारित किया है, जो 20 मार्च को ई-हैमर के तहत किया जाएगा। डीआरटी-प्रथम ने 9 फरवरी को डिफॉल्टर कंपनियों स्टेलर डायमंड्स, सोलर एक्सपोर्ट्स, डायमंड आर यूएस, एएनएम इंटरप्राइजेजप्राइवेट लिमिटेड और एनडीएम एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किया है। इन कंपनियों के अलावा, नामित अन्य लोगों में उनके प्रमोटर, मालिक, निदेशक जैसे नीरव डी. मोदी, अमी नीरव मोदी, रोहिन एन. मोदी, अनन्या एन. मोदी, अपशा एन. मोदी, पूर्वी मयंक मेहता, दीपक के. मोदी, नीशाल डी शामिल हैं।मोदी और नेहल डी. मोदी, जिन्हें पीएनबी के 7,029 करोड़ रुपये के बकायादारों के रूप में प्रमाणित देनदारों के रूप में नोटिस जारी किए गए हैं। ई-नीलामी से पीएनबी और लगभग 15 अन्य बैंकों के कंसोर्टियम को अपने भारी बकाया का एक छोटा सा हिस्सा वसूल करने में मदद मिल सकती है, जो पिछले पांच वर्षों से बकाया है। उस समय फरवरी 2018 में नीरव मोदी अपनी पत्नी अमी और अन्य के साथ भाग गए थे। 14,000 करोड़ रुपये से अधिक के अनुमानित घोटाले पर पीएनबी की शिकायत के बाद, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जनवरी 2018 में पहला अपराध दर्ज किया और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग (आईटीडी) जैसे अन्य लोगों ने भी तस्वीर दर्ज की।

## भारत-रूस रिश्तों को लेकर यूरोपीय देशों का नरम पड़ा विरोध, अब द्विपक्षीय रिश्ते बढ़ाने को दे रहे अहमियत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध के बाद जिन यूरोपीय देशों ने रूस और भारत की दशकों पुराने रिश्तों को लेकर आंखें तरेरी थी अब उनका रुख बदल गया है। पिछले कुछ दिनों के भीतर ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे प्रमुख यूरोपीय देशों ने परोक्ष तौर पर यह स्वीकार कर लिया है कि भारत के लिए रूस की अपनी खास अहमियत है। रूस से ज्यादा से ज्यादा तेल खरीदने के



भारत के फैसले को भी ये देश स्वीकार कर रहे हैं और इस पर सीधी टिप्पणी करने से बच रहे हैं। इस क्रम में जर्मनी के चांसलर ओल्फ शोल्ज की जल्द होने वाली भारत यात्रा की अहमियत बढ़ गई है। शोल्ज की इस यात्रा का मुख्य एजेंडा भारत व जर्मनी के मौजूदा द्विपक्षीय रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाना है। इस बात के संकेत सोमवार को जर्मनी के चांसलर के विदेशी व सुरक्षा सलाहकार डॉ. जेन्स प्लटनर ने यहां दिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल से अलग अलग विमर्श करने के बाद डॉ. प्लटनर से जब पूछा गया कि रूस से तेल खरीदने की भारतीय नीति पर क्या कहेंगे तो उनका जवाब था कि, भारत एक बड़ा देश है जिसके साथ यूरोपीय देश एक समान नीतियों को साझा करते हैं। जैसे हम लोकतांत्रिक समाज है, यहां कानून का राज है, मानवाधिकार की रक्षा की जाती है, भारत संयुक्त राष्ट्र पर भरोसा करता है। लेकिन भारत को स्वयं ही यह रास्ता चुनना है कि वह किसके साथ कैसा रिश्ता रखता है। भारत के साथ हमें मजबूत संबंध बनाना है। हमारी वैश्विक रिश्ते का एक अहम केंद्र भारत है। जहां तक रूस से तेल खरीद की बात है तो यूरोपीय देशों ने रूस के तेल की अधिकतम कीमत तय की है जिसका फायदा भी भारत को हो रहा है। हमें इस बात की खुशी है कि रूस को तेल बेचने से उतना फायदा नहीं हो रहा है।'' जर्मनी का ही नहीं बल्कि पिछले कुछ महीनों में यूरोप के दूसरे देश और अमेरिका की तरफ से रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले को लेकर ज्यादा व्यावहारिक रुख अपनाने लगे हैं।

## इतिहास के पुनर्लेखन के मुद्दे पर भिड़े केंद्रीय मंत्री प्रधान और मनीष तिवारी, लगाए आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इतिहास के पुनर्लेखन के मुद्दे पर लोकसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय जवाब देने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने भी इस दौरान उनके आरोपों को खारिज किया और कहा कि चिल्लाने से वह जो



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और कांग्रेस सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी आपसी नोकझोंक हुई। प्रधान ने इससे जुड़े सवाल के जवाब में साफ किया कि इतिहास का पुनर्लेखन नहीं कर रहे है, बल्कि इसे व्यापक स्वरूप दे रहे है। मनीष तिवारी लगाया आरोप भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आइसीएचआर) फिलहाल इतना ही काम कर रहा है। बावजूद इसके मनीष तिवारी इससे संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने मंत्री पर गलत कह रहे है वह सच नहीं हो जाएगा।ओडिशा में 1817 में अंग्रेजों के खिलाफ बख्शी जगबंधु व विधाशर महापात्र ने भी आंदोलन चलाया था। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने तो इसे आजादी के आंदोलन की पहली सही लड़ाई नाम दिया था। लेकिन यह सारा विषय आज इतिहास का हिस्सा नहीं है। यह इतिहास के पन्नों में आना चाहिएः प्रधान प्रधान ने कहा कि देश पिछले 11 से 12 सौ सालों के बीच विभिन्न कालखंडों में पराधीनता से गुजरा है।

## अदाणी विवाद पर राज्यसभा में आखिरी दिन भी हुआ सियासी संग्राम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अदाणी विवाद की जेपीसी जांच की मांग कर रहे एकजुट विपक्षी दलों के तेवर बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन भी हमलावर ही रहे। अदाणी समूह को संरक्षण का आरोप लगाते हुए विपक्षी दलों ने राज्यसभा में जेपीसी जांच की मांग दोहराने के साथ ही नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के भाषण के अंश को रिकार्ड से हटाए जाने के खिलाफ जमकर हंगामा किया। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ विपक्ष के निशाने पर रहे तो



धनखड़ ने भी हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों को खरी-खोटी सुनाई। सरकार ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि वह सदन में विशेषाधिकारों का उल्लंघन कर सदन को बार-बार बाधित कर रहा है। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ विपक्ष के निशाने पर रहे तो धनखड़ ने भी हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों को खरी-खोटी सुनाई। सरकार ने विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए आरोप लगाया कि वह सदन में विशेषाधिकारों का उल्लंघन कर सदन को बार-बार बाधित कर रहा है। सरकार और विपक्ष के इस संग्राम के बीच सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही भारी हंगामे के चलते नहीं चल पायी। हालांकि लोकसभा में सत्तापक्ष हंगामा थामने में सफल रहा और सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चली। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सुबह 11 बजे एकजुट विपक्ष ने अदाणी पर जेपीसी जांच, कांग्रेस की सांसद रजनी पाटिल का निलंबन वापस लेने और खरगे के भाषण के अंशों को हटाए जाने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच सभापति ने खरगे को बोलने की अनुमति दी तो उन्होंने अदाणी विवाद को उठाने के साथ ही अपने भाषण के अंश रिकार्ड से हटाने पर एतराज जताया। विपक्षी सदस्यों ने खरगे का समर्थन करते हुए उनके इसे रिकार्ड में वापस शामिल करने की मांग की। सत्ताधारी भाजपा के सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए विपक्ष पर जवाबी हमला बोला। इस बीच सभापति ने खरगे के सोमवार को उठाए सवालों को भी रिकार्ड से निकालने की घोषणा की तब आग बबूला विपक्ष वेल में पहुंच हंगामा करने लगा ओर सदन स्थगित हो गया।

# महात्मा गाँधी के सिद्धांतों पर चल कर ही देश को एकता के सूत्र में पिरोना सम्भव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** महात्मा गांधी के आदर्श और सिद्धांतों पर चलकर ही समाज में फैले विद्वेष को खत्म करते हुए देश को एक सूत्र में पिरोना संभव है । 12 दिसंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अखिल भारतीय गांधी विचार आंदोलन मंच के राष्ट्रीय संयोजक कस्तूरबा गांधी स्मृति सेवा ट्रस्ट के निदेशक एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्मारक समिति के अध्यक्ष अशोक अशोक गांधी ने उक्त विचार व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि आज देश में चारों ओर आग लगी हुई है कहीं जातियों के नाम पर विद्वेष फैलाया जा रहा है तो कहीं धर्म के नाम पर हिंदू मुस्लिम के नाम पर देश को विखंडित करने का कुत्सित प्रयास चल रहा है परंतु इन सब को रोकने का एक ही तरीका है हम महात्मा गांधी के आदर्शों का अनुपालन करें और उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में फैले विदेश को खत्म करना और पूरे देश को एक सूत्र में पिरोना संभव हो सकता है । उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी अपने आश्रम में कभी भी छुआछूत जाति पात ऊंच नीच का भेदभाव नहीं करते थे सभी को एक समान आदर देते थे इसीलिए उन्हें लोगों ने महात्मा और राष्ट्रपिता का दर्जा दिया । अशोक गुप्ता गांधी ने कहा कि बहुत सारे लोगों को तो यह भी पता नहीं है कि 12 फरवरी को गांधी स्मृति दिवस क्यों मनाया जाता है लोग उनके जन्मदिवस 2 अक्टूबर और उनकी पुण्यतिथि 30 जनवरी को ही याद करते हैं तो मैं बताना चाहता हूं कि 12 फरवरी को महात्मा गांधी का अस्थि कलश प्रयाग के पावन तट पर पहुंचा था और उनकी अस्थियों का विसर्जन संगम मैं किया गया था इसी दिन को हम लोग महात्मा गाँधी स्मृति दिवस के रूप में मनाते हैं । आज प्रातः महात्मा गांधी स्मारक समित के तत्वावधान में भरद्वाज पार्क के सामने बालसन चौराहे पर स्थित गांधी की प्रतिमा पर उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात माघ मेला में स्थित खादी ग्रामोद्योग आयोग के पंडाल में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बहुत सारे विद्वत लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए । इस संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राम अवतार यादव ने किया किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में अशोक गुप्ता गांधी ने अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर सांध्य बेला में जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल संतोष पैलेस में एक सर्व वैश्य सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अशोक गांधी ने की और कहा कि देश को वैश्य समाज ने बहुत कुछ दिया है चाहे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी रहे हो चाहे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हो । वैश्य समाज ने देश के संचालन में देश के विकास में देश को उन्नति के पद पर अग्रसारित करने के लिए सबसे ज्यादा टैक्स वैश्य समाज ही देता है आज आवश्यकता है हमें इस समाज को एकत्र करने की इसमें बहुत सारी जातियां उपजातियां हैं परंतु हमें एक होकर रोटी बेटी का संबंध एक-दूसरे से जोड़कर अपनी एकता को सिद्ध करते हुए आगे बढ़ना होगा । सम्मेलन को प्रमुख रूप से अजय कुमार गुप्ता रमेश चंद्र केसरवानी सत्य प्रकाश गुप्ता जवाहर लाल गुप्ता रामचंद्र गुप्ता सुरेश चंद गुप्ता दिनेश गुप्ता छेदी प्रबोध मानस सुरेंद्र गुप्ता प्रीतम नगर रतन कुमार केसरी पूर्व चेयरमैन सिरसा रमेश चंद केसरी केसरवानी वैश्य समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जारी से आए बबलू केसरवानी बबलू जारी वरिष्ठ पत्रकार रजनीश केसरवानी हरिओम केसरवानी कोरांव से आये गोपाल बाबू गुप्ता बृजेश केसरवानी राजेश कुमार गुप्ता लाल चंद्र गुप्ता कमल नारायण साहू लाल बाबू साहू गोपाल जी केसरवानी अज्जू केसरवानी आदि ने संबोधित किया ।

# एक करोड़ की अवैध शराब पकड़ी गई कंटेनर में पंजाब से बिहार ले जा रहा था तस्कर; होली में खपाने की थी योजना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** पड़ोसी जिले कौशांबी की पुलिस ने पंजाब से बिहार तस्करी कर ले जाई जा रही 1 करोड़ कीमत की इंपीरियल ब्लू ब्रांड अंग्रेजी शराब बरामद की है। शराब की यह बोतलें सिर्फ पंजाब में ही बिक्री के लिए वैध हैं। बिहार में 2016 से शराबबंदी कानून लागू है। लेकिन होली में खपाने के लिए बड़े पैमाने पर शराब तस्करी कर वहां पहुंचाई जाती है। गिरफ्तार ड्राइवर मुकद्दर ने अपना जुर्म कुबूल किया है। वह बिहार में होली के मद्देनजर शराब ले जा रहा था। जिससे उसे मोटा मुनाफा मिल जाता। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि थाना संदीपन घाट पुलिस बीती रात वाहन चेकिंग कर रहे थी। मुखबिर ने कंटेनर में शराब तस्करी किए जाने की जानकारी दी। जिस पर वाहन को रोका गया। कंटेनर के ड्राइवर ने गाड़ी रोकी, लेकिन वह उतर कर भागने की कोशिश करने लगा। जिसे पुलिस टीम में घेर कर पकड़ लिया। शराब को ऑटो पार्ट्स के सामान की बिल्टी बनाकर कंटेनर में छिपा कर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने कंटेनर के ड्राइवर को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है।



# जनपद के प्रभारी मंत्री का जनपद में आगमन 15 फरवरी को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल जी दिनांक 15 फरवरी को पूर्वान्ह 11.30 बजे निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ आयेंगे। दोपहर 12 बजे जिला चिकित्सालय का भौतिक निरीक्षण करेगें। प्रभारी मंत्री दोपहर 12.30 बजे से अपरान्ह 2.30 बजे तक विकास भवन सभागार में विकास कार्यो एवं जनकल्याणकारी योजनाओं/कानून व्यवस्था की समीक्षा करेगें।अपरान्ह 3 बजे से अपराह्न 5 बजे तक प्रभारी मंत्री यूर्थ कार्यक्रम/लैपटाप-मोबाइल वितरण कार्यक्रम/लैपटॉप- मोबाईल वितरण योजना से लाभान्वित छात्रों से संवाद करेगें, कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित लाभार्थियों के साथ संवाद, हर घर नल योजना का निरीक्षण, अनु0 जाति/जनजाति बस्ती का निरीक्षण/चौपाल व निराश्रित गो-वंश प्रबन्धन एवं गौ आश्रय स्थल/अमृत सरोवर (तालाब) का स्थलीय निरीक्षण करेगें। अपरान्ह 5 बजे मंत्री जी लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

# जिला मजिस्ट्रेट ने 02 गुण्डों को किया जिला बदर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ में जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 02 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट डा0 नितिन बंसल ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। उन्होने थाना अन्तू ग्राम अदमापुर के अमित सिंह उर्फ अभिषेक सिंह पुत्र अभय प्रताप सिंह तथा उदय प्रताप सिंह उर्फ बच्चा पुत्र जगदीश सिंह को जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है।

# जिलाधिकारी ने दिव्यांग कौशल प्रदर्शनी का फीता काटकर किया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी में लगाये गये प्रत्येक स्टॉल पर जाकर दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये उत्पादों के बारे में ली जानकारी तथा उनके प्रयासों की सराहना एवं आर्ट गैनेरी का उद्घाटन जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी में लगाये गये प्रत्येक स्टॉल पर जाकर दिव्यांगजनों द्वारा बनाये गये उत्पादों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं/विशेष बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों एवं विशेष अध्यापकों द्वारा प्रशिक्षित विशेष बच्चों की प्रशंसा करते हुए कहा कि



की जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन बच्चों को और प्रशिक्षित किए जाने का दिया सुझाव विशेष बच्चों की रचनात्मकता होती है अद्वितीय- जिलाधिकारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजनों में अर्न्तनिहित सृजनात्मक क्षमता को सार्वजनिक क्षेत्र में उजागर करने तथा उनकी पहुंच जनसामान्य तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य निधि अंतर्गत उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज के सहयोग से निर्मित उत्पादों एवं कलाकृतियों के प्रर्दशन हेतु दिनांक 13 से 15 फरवरी, 2023 तक त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग कला मेला एवं दिव्य शक्ति प्रर्दशन (सांस्कृतिक कार्यक्रम) का आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज में किया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। जिलाधिकारी ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा इसे और बेहतर करने हेतु प्रोसाहित किया। जिलाधिकारी द्वारा उत्पादों की खरीददारी भी की गयी। आर्ट गैलेरी का अवलोकन करते हुए प्रत्येक पेंटिंग को देखा तथा उनके संदेश के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में जनपद की 18 व अन्य जनपदों की 11 (कुल 29) स्वैच्छिक संस्थाओं/शिक्षण संस्थानों द्वारा 35 स्टाल लगाकर अपनी कलाकृतियों, उत्पादों, तकनीकी नवाचार, चित्रकला का प्रर्दशन एवं जन सामान्य को कलाकृतियों एवं उत्पादों की बिक्री की जा रही है। जिलाधिकारी के समक्ष जनपद में विभाग द्वारा संचालित बचपन डे केयर सेण्टर एवं स्वैच्छिक संस्था-इसराजी देवी शिक्षण संस्थान, आपकी रचनात्मकता अद्वितीय है। उन्होंने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन को एक अच्छी पहल बताया। कहा कि आपके द्वारा निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता को प्रशिक्षण देकर और बेहतर किए जाने तथा बाजार में बिक्री हेतु एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की आवश्यकता है, जिससे कि आर्थिक लाभ के साथ आत्मनिर्भर हो सके। प्रर्दशनी के उद्घाटन कार्यक्रम में उप निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज मण्डल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रधानाचार्य उत्तर मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज एवं अन्य विभागीय विद्यालयों/स्वैच्छिक संस्थाओं कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी एवं विशेष बच्चें/अभिभावक उपस्थित रहे।

# प्रयागराज के व्यापारी से मांगी 5 लाख की रंगदारी, न देने पर जोड़ा 9 लाख ब्याज; फोड़ा बम, दी गोली मारने की धमकी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**शहर के मीरापुर इलाके में रहने वाले एक कारोबारी से 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई। जब उसने नही दिया तो शनिवार को ब्याज जोड़कर कुल 14 लाख रंगदारी मांगी गई। साथ ही घर पर बम से हमला भी कर दिया गया। इस बार बदमाशों ने व्यवसायी को गोली मारने और रिश्तेदारों के घर भी बम से हमला करने की धमकी भी दी। बम से हमले के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बम के हमले की सीसीटीवी फुटेज और धमकी के दो ऑडियो भी सामने आए हैं। फिलहाल व्यवसायी का परिवार दहशत में है। परिवार वालों ने घर से निकलना बंद कर दिया है। अमन ने मुख्यमंत्री योगी




आदित्यनाथ से जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित व्यवसायी अमन गुप्ता उर्फ बलराम ने कहा की 29 दिसंबर, को उसके वॉट्सऐप नंबर पर पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। उसने उसे महत्व नहीं दिया तो दोबारा 11 फरवरी को फोन करके 5 लाख रुपए देने और न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद 12 फरवरी को घर पर बम से हमला कर दिया गया। हमले के बाद 14 फरवरी को दोबारा फोन करके जान से मारने की धमकी दी गई। साथ ही पैसे न देने पर इस बार 9 लाख ब्याज भी जोड़ दिया गया। रुपयों का हिसाब बाकायदा पर्ची पर लिखकर वॉट्सऐप भी किया है। पुलिस उपायुक्त, नगर दीपक भूखर का कहना है कि इस मामले में करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस छानबीन कर रही है। आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# अपना आशियाना बचाने में आग में कूदे माँ बेटी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** कानपुर देहात के मैथा तहसील क्षेत्र के मड़ौली पंचायत के चालहा गांव में ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की टीम के सामने कब्जेदार की झोपड़ी में संदिग्ध हालत में आग लग गई। अपना आशियाना जलता देख मां-बेटी झोपड़ी में घुस गईं। दोनों को बचाने के प्रयास में गृहस्वामी व रुरा थाना प्रभारी झुलस गए। मां-बेटी व कई बकरियों की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने हंगामा करते हुए लेखपाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। भीड़ का गुस्सा देख पुलिस और प्रशासन की टीम ने वहां से भागकर खुद को बचाया। मामले में कार्रवाई की मांग पर अड़े आक्रोशित लोग मां-बेटी के शव नहीं उठने दे रहे हैं। डीएम नेहा जैन व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति लोगों को समझाने की कोशिश में लगे हैं।डीएम नेहा जैन सोमवार को अपने कार्यालय जनसुवाई कर रही थीं। उसी दौरान मड़ौली गांव के कुछ लोग डीएम कार्यालय पहुंचे। उन लोगों ने डीएम से गांव के ही श्रीकृष्ण दीक्षित के खिलाफ ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की शिकायत की।डीएम ने शिकायती पत्र पर एसडीएम को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दोपहर में एसडीएम मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल अशोक सिंह के अलावा राजस्व व पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।राजस्व विभाग की टीम ग्राम समाज की जमीन को खाली करा रही थी। उसी दौरान कब्जेदार कृष्णगोपाल दीक्षित की झोपड़ी में एकाएक आग लग गई। यह देख कृष्णगोपाल दीक्षित की पत्नी प्रमिला दीक्षित (45) और बेटी शिवा (22) दौड़कर झोपड़ी में घुस गईं। दोनों को लपटों के बीच घिरा देख कृष्णगोपाल दीक्षित व रुरा थाना प्रभारी दिनेश गौतम दौड़े। दोनों मां-बेटी को बचाने के कोशिश में झुलस गए।आग से मां-बेटी की मौत से गुस्साए परिवार व गांव के लोगों ने हंगामा करते हुए लेखपाल अशोक सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। लोगों का आक्रोश देख टीम ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पाकर डीएम व एसपी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे है। आक्रोशित डीएम, एसडीएम व थाना प्रभारी रुरा पर एफआईआर दर्ज कराने की मांग को लेकर हंगामा करते हुए शव नहीं उठने दे रहे हैं।डीएम ने बताया कि मां बेटी ने खुद को घर में बंद कर लिया और आग लगा ली। लपटें व धुआं निकलने पर लोग उन्हें बचाने गए तो झुलस गए। अनहोनी में मां बेटी की मौत हो गई।



# छात्र को बेंत से मारने वाला स्कूल प्रबंधक गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** एक स्कूल में फीस न जमा करने और होमवर्क न पूरा करने वाले 8 साल के मासूम छात्र की बेरहमी से पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वीडियो में स्कूल का प्रबंधक योगेश गुप्ता कक्षा एक के छात्र को बेंच पर उल्टा करके बेंत से पीटते दिख रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि मासूम कार्तिकेय को प्रबंधक बेंच पर उल्टा लिटाकर बेंत से मारता है। बगल में खड़ी महिला टीचर यह सब देखकर मुस्कुरा रही है और बच्चा दर्द से कराह रहा है। फिलहाल वीडियो वायरल होने पर मेजा पुलिस ने पिता की तहरीर पर मां गंगा



पब्लिक स्कूल के प्रबंधक योगेश गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी प्रबंधक के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। इससे पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं।प्रबंधक ने परिजनों से कहा कि बच्चों को घर में बैठा कर रखो, कल से स्कूल मत भेजना। आप बच्चों की फीस देंगे नहीं। इसके बाद परिजनों ने कहा कि एडवांस फीस थोड़ी ना हम देंगे। फीस नहीं देंगे, तो क्या बच्चों को मारेंगे। इस पर मैनेजर ने कहा कि आपको फीस न देना पड़े, इसलिए आप यह आरोप लगा रहे हैं कि हमने बच्चों को मारा है।




# महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों के सम्बन्ध में बाबा बेलखरनाथ धाम में उपजिलाधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।इसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी, खण्ड विकास अधिकारी बाबा बेलखरनाथ धाम, बैरीकेटिंग, पानी का टैंकर, सड़क की मरम्मत, साफ-सफाई, चिकित्सा आदि व्यवस्था कराये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सभी सम्बन्धित अधिकारियों ने 16 फररी तक कार्यो को पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार भयहरणनाथ धाम में 23वें महाकाल महोत्सव व मेला की प्रगति से सभी को अवगत कराया। बैठक में पुलिस विभाग से उप निरीक्षक पारसनाथ यादव तथा कान्सटेबल विवेक यादव ने प्रतिभाग किया। महासचिव ने बताया कि महोत्सव में उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के



नायब तहसीलदार पट्टी, अधीक्षक सी0एच0सी0, प्रभारी निरीक्षक थाना दिलीपपुर, अवर अभियन्ता लो0नि0वि0, अवर अभियन्ता विद्युत रानीगंज, टैक्स कलेक्टर नगर पंचायत पट्टी उपस्थित हुये। बैठक में उपजिलाधिकारी पट्टी ने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को पेयजल, सुरक्षा, बिजली,घाट महोत्सव की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।बैठक में मेला व महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा कर सुव्यवस्था हेतु प्रबन्ध समिति व साधारण सभा के सदस्यों की जिम्मेदारियां तय हुई। बैठक का संचालन करते हुये धाम के महासचिव समाज शेखर ने बारे में किसानों, युवाओं तथा महिलाओं को जागरूक करने तथा योजना से जुड़ने हेतु 16 से 19 फरवरी तक कैम्प लगाया जायेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष उमाकान्त पाण्डेय, उपसचिव हेमराज अग्रहरि सहित प्रबन्ध समिति व साधारण सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

# 1200 पुत्रियों का सामूहिक विवाह एक मार्च को होगा



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** श्रम विभाग की ओर से निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों की करीब 1200 पुत्रियों का सामूहिक विवाह एक मार्च को होगा। शादी परेड मैदान में होगी, जिसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। विभाग की योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों की पुत्रियों की शादी के लिए 75 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। मंडल में 2100 पुत्रियों की शादी का लक्ष्य रखा गया था। हालांकि करीब 1200 पुत्रियों का ही चयन हो सका है। डीएम संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को बैठक कर शादी की तैयारियों की समीक्षा की।

# सरकार देख समझ कर ही करे सरकारी वकीलों का चुनाव - कोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि सरकार ऐसे अधिवक्ताओं को नियुक्त करे जिन्होंने कुछ तो वकालत की हो। जान पहचान वालों, ठेकेदार ,दुकानदार जिसने कभी वकालत नहीं की, को सरकारी वकील नियुक्त करना संस्था व सरकार के हित में नहीं है। कोर्ट ने महाधिवक्ता से कहा कि वह कोर्ट की ओर न देखें,क्राइटेरिया तय कर परीक्षण करें। जिन्होंने बहस की हो , अनुभवी वकीलों का पैनल कोर्ट में भेजें।कोर्ट ने कहा सरकार किसे नियुक्त करें , इससे कोर्ट का सरोकार नहीं है। वह कुछ लोगों को वजीफा देना चाहती है तो दे किंतु कोर्ट में सरकार का सही पक्ष रख सकने वाले वकील ही तैनात करे। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुनीत कुमार तथा न्यायमूर्ति राजेन्द्र कुमार की खंडपीठ ने राजेश्वर सिंह की याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है।महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने कोर्ट को बताया कि सरकार राज्य विधि अधिकारियों के पैनल सूची का पुनर्विलोकन कर रही है, प्रक्रिया जारी है। उन्होंने इसके लिए छह हफ्ते का समय मांगा। यह भी बताया कि कोर्ट इसी मामले में जनहित याचिका की सुनवाई कर रही है। अधिवक्ता पैनल के लिए सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के दिशानिर्देश है,जिस पर अमल किया गया है। उठे कुछ सवालों की समीक्षा की जा रही है।कोर्ट ने महाधिवक्ता को राज्य विधि अधिकारियों के पैनल बनाने की क्राइटेरिया की जानकारी के लिए बुलाया था। कोर्ट ने कहा नियुक्ति में पारदर्शिता हो और कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों की ही नियुक्ति की जाए।ऐसे अधिवक्ताओं को कोर्ट में लगाया जाए जो सरकार का पक्ष सही ढंग से रख सकें।बहस का अनुभव रखने वालों की नियुक्ति ही राज्य व हाई कोर्ट संस्था के हित में है। जिसने कभी कोर्ट में प्रैक्टिस नहीं की। घर में बैठे जान पहचान वाले लोगों को सरकारी वकील बनाना सही नहीं।कोर्ट ने महाधिवक्ता से कहा वह परीक्षण करें कि क्या बहस करने वाले वकील ही नियुक्त किए गए हैं। सरकार को सलाह दें कि जिसने कभी किसी केस में बहस नहीं किया,उसे न नियुक्त करें। अनुभवी वकीलों की नियुक्ति की जाए।क्राइटेरिया तय कर उचित कार्रवाई की जाए।कोर्ट ने कहा डिजिटल जमाना है। वकीलों के केस की जानकारी हासिल की जा सकती है।या वह सभी वकीलों से बहस किए हुए केसों की सूची मांग सकते हैं। कोर्ट ने महाधिवक्ता से अगली सुनवाई की तिथि 23 मार्च तक कृत कार्रवाई की जानकारी मांगी है।

# पुलवामा अटैक के शहीदों को गंगा आरती में दी गई श्रद्धांजलि याद में निकाला कैंडल मार्च

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** पुलवामा हमले में शहीद जवानों की याद में चिरईगांव, अस्सी घाट, बीएचयू समेत विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि दी गई। चिरईगांव में शहीद तोफापुर निवासी रमेश यादव के घर



पहुंचकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बीएचयू के छात्रों ने सिंह द्वार से रविदास गेट तक कैंडल मार्च निकाला। दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। बीएचयू विश्वनाथ मंदिर परिसर में फूलों की रंगोली बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। रमेश यादव के घर पहुंचे लोगों ने उनकी पत्नी रेनू यादव, पिता श्यामनारायण, माता राजमती देवी को ढांढस बंधाया। खंड विकास अधिकारी राजेश वर्मा, सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट धर्मेंद्र सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी नितींद्र नाथ, उप निरीक्षक सरवन कुमार के साथ ही जवानों ने श्रद्धांजलि दी। सपा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव, प्रभु नारायण यादव, सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने जवानों को याद किया। सेवापुरी में नमो नमः सेवा दल के युवाओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। रंजीत तिवारी, विशाल कुमार गुप्ता, आशू तिवारी, शिवम, आशुतोष मौजूद रहे। रमेश यादव की स्मृति में 27 दिवसीय शहीद कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता में रमना स्पोर्टिंग क्लब ने लटौनी स्पोर्टिंग क्लब को हरा दिया। शहीदों को दीपक सिंह राजवीर, अंकित पाल, पं सूर्यप्रकाश, प्रिंस राय, रोहित पटेल ने भी श्रद्धांजलि दी।

# उप मुख्यमंत्री ने सांसद खेल प्रतिस्पर्धा का किया उद्घाटन, कहा सरकार बच्चों के साथ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रतिभाओं को कोई दबा नही सकता, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिये उचित प्लेटफार्म मिलना चाहिये। उन्होने कहा कि बेटियॉ भी खेल स्पर्धा में अपनी प्रतिभा से आगे बढ़कर भारत के तिरंगे का नाम ऊँचा किया है। उप मुख्यमंत्री आज यहाँ प्रतापगढ़ के जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा की जिला स्तरीय प्रतियोगिता शुभारम्भ कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने प्रारम्भ में दीप प्रज्ज्वलित कर तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व गुब्बारा उड़ाकर खेल स्पर्धा का विधिवत शुभारम्भ किया। उन्होने सांसद खेल स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी बालक, बालिकाओं तथा शिक्षको को बधाई देते हुये इस सफल आयोजन की सराहना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ओलम्पिक जैसे खेलों में छोटे-छोटे देश अनेको पदक जीतते है लेकिन हमारे देश की प्रतिभाओं को उचित प्लेटफार्म न मिलने के कारण खिलाड़ियों को पदक से वंचित रहना पड़ता है। आज हमारे देश के प्रधानमंत्री ने विश्वास के साथ सभी युवाओं को खेल का उचित प्लेटफार्म देने का संकल्प लिया है और उस दिशा में सफलता भी मिल रही है। उन्होने सांसद संगम लाल गुप्ता व आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुये कहा कि उन्होने माननीय प्रधानमंत्री जी के संकल्प पूरा करने का अच्छा व सराहनीय प्रयास किया है तथा सांसद खेल स्पर्धा जो न्याय पंचायत स्तर से प्रारम्भ होकर जिला स्तर पर पहुॅची है। हमारे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेगें। उन्होने कहा कि इस स्टेडियम में यदि किसी सुधार की आवश्यकता हो तो उसका प्रस्ताव दिया जाये, उसे पूरा किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य क्षेत्रों में भी खेल मैदानों के प्रस्ताव तैयार किये जाये, सरकार के पास धन की कमी नही है जितनी आवश्यकता होगी मिलेगी। उन्होने कहा कि हमारे प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरूस्त है, गरीबों को पक्का मकान मिल रहा है तथा बिजली व पानी की समुचित व्यवस्थायें दी जा रही है। उपमुख्यमंत्री जी ने खिलाड़ियों का आवाहन करते हुये कहा कि प्यारे बच्चों तुम आगे बढ़ों सरकार आपके साथ खड़ी है। उन्होने कहा कि प्रतिभा सम्पन्न खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में समुचित अवसर दिया जायेगा। इस अवसर पर उन्होने आयोजन को सफल बनाने वाले 03 खेल प्रशिक्षक राम कुमार सिंह, सुशील व मंजू सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री ने 800 मीटर एवं 400 मीटर की बालक तथा बालिका दौड़ का शुभारम्भ किया। इस प्रतियोगिता में आफताब अली सदर ने प्रथम, राहुल पटेल ने द्वितीय, मो0 महबूब ने तृतीय स्थान तथा बालिका वर्ग में स्वाती देवी सांगीपुर ने प्रथम, दीक्षा सिंह सदर ने द्वितीय व पूजा सरोज शिवगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 400 मीटर दौड़ में बालक जूनियर वर्ग में सण्ड़वा चन्द्रिका के वृजेश वर्मा प्रथम, गौरा के स्वयं तिवारी द्वितीय, सदर ब्लाक के हर्षित कुमार तृतीय तथा बालिका वर्ग में सण्ड़वा चन्द्रिका की विभा पाल प्रथम, लालगंज की नम्रता सिंह द्वितीय, पट्टी की सोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद प्रतापगढ़ तथा पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय मोर्चा के महामंत्री संगम लाल गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री का जिले की ओर से स्वागत किया तथा कहा कि सांसद खेल स्पर्धा न्याय पंचायत स्तर से प्रारम्भ होकर आज जिला स्तर पर पहुॅची है। इसमें ब्लाक स्तर के विजयी प्रतिभागी भाग ले रहे है। उन्होने कहा कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री जी की सोच है कि प्रतिभाओं को निखारने के लिये अवसर दिया जाये, इसके लिये उन्होने पूरे देश में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद प्रतापगढ़ ने उप मुख्यमंत्री को श्रीराम दरबार का प्रतीक चिन्ह भेट किया।प्रारम्भ में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने आये हुये अतिथियां का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, भाजपा महामंत्री राजेश सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ल, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रूची केसरवानी, संगम यूथ फाउण्डेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र समर बहादुर सिंह, समाज सेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, आर0बी0 सिंह पूर्व सहायक सूचना निदेशक, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, नागेश प्रताप सिंह, वरूण प्रताप सिंह, भूपेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, आदित्य शुक्ल तथा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति के सदस्यों आदि ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय अधिवक्ता विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू युवा केन्द्र के सांस्कृतिक कलाकारों ने खिलाड़ियों तथा अतिथियों का भरपूर मनोरंजन किया। स्वागत गीत संगम इण्टर नेशनल की निशी तिवारी, अंकिता गुप्ता, शालिनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एन0सी0सी0 के कैडेटों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस, होमगार्ड, पीआरडी के जवानों को सहयोग दिया। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, परियोजना निदेशक आर0सी0 शर्मा, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र, जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।








सीधे प्रवेश

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र




(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर

❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्यूटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।


# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत की जिला/ महानगर/महिला/ युवा,कार्य समिति की हुई बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** जिला/महानगर उद्योग व्यापार मंडल,(संबद्ध) होटल वशिष्ठ में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष एडवोकेट जूही जयसवाल एवम संचालन युवा नगर अध्यक्ष एडवोकेट गौरव करवरिया करते हुए इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए यथासंभव प्रयास कराकर निष्पादित कराने की बात कही साथ ही(स्वाभिमान यात्रा)के साथ (व्यापारी समस्या समाधान रथ)भी रहेगा जिसमें 1 पेटीका रहेगी प्रयागराज के हर क्षेत्र के व्यापारी अपनी अपनी समस्या लिखित रूप से अपना नाम,फर्म,मोबाइल नंबर,के साथ डाल सकते हैं जिसका निस्तारण शासन-प्रशासन के स्तर से कराया जाएगा मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा ने बताया कि प्रदेश और महानगर संगठन के 50 वर्ष पूर्ण हो गए हैं जिस उपलक्ष में पूरे वर्ष (स्वर्ण जयंती) वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है जो 24 दिसंबर 2022 से 24 दिसंबर 2023 तक निरंतर चलता रहेगा इसी क्रम में 1 अप्रैल 2023 को स्वाभिमान यात्रा के साथ डिजिटल रथ भी पूरे उत्तर प्रदेश में भ्रमण कर प्रयागराज पहुंचेगी संरक्षक/अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में संपूर्ण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा की सभी बाजारों में व्यापारियों को पत्रक बाटकर इस अभियान के द्वारा (70 30 930 361) पर मिस कॉल करा कर जागरूक किया जाएगा ताकि स्वाभिमान यात्रा की जानकारी जन जन तक पहुंच सके साथ ही प्रयागराज के व्यापारियों का मोबाइल नंबर लिंक कर एक ग्रुप बनाया जाएगा जिससे कहीं पर भी किसी प्रकार की कोई घटना घटित हो तो पूरे जनपद में संगठन के द्वारा घटना का विरोध हो सके साथ ही सरकार द्वारा नई-नई योजनाओं को सभी व्यापारी भाइयों तक पहुंचाया जाता रहेगा आज की इस बैठक में मुख्य रूप से नगर कोषाध्यक्ष निखिल पांडेय, गंगा पार अध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता,नगर कोषाध्यक्ष राजेश केसरवानी,युवा नगर महामंत्री अंकित गुप्ता,नगर उपाध्यक्ष अभिषेक केसरवानी,नगर मंत्री रुपेश चौधरी,श्रीमती अर्चना केसरवानी,ज्योति दुबे,संदीपमा वर्मा,आभा अग्रवाल,आदि लोग उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय सूचनाधिकार मानवाधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण संगठन के जिलाध्यक्ष बने शमशेर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**ओबरा/सोनभद्र।** राष्ट्रीय सूचनाधिकार, मानवाधिकार एवं पर्यावरण संरक्षण संगठन इकाई का विस्तार करने के क्रम में जनपद सोनभद्र का जिलाध्यक्ष शमशेर को बनाया गया है। शमशेर को यह जिम्मेदारी उनके कार्य तथा निरंतर जन सेवा के कार्यों को देखते हुए यह बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। शमशेर ने बताया कि हमें जो संगठन से जिम्मेदारी दी गई है उसको मैं बखूबी निभाऊंगा तथा हर जरूरत मंद की आवाजों को प्रमुखता से उठाने का काम किया जायेगा।



# ट्रक में घुसी बाइक, एक की मौत, दो लोग घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र महदेउआ बस्ती के पास मंगलवार की शाम अपाचे बाइक सवार तीन लोग आगे जा रहे ट्रक में जा घुसे। हादसे में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने सूचना परिजनों को दी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। चुनार थाना क्षेत्र के बहरामपुर निवासी गोलू (28) आपने साथी राहुल (30) व अर्चना (22) निवासी बैडाड़ सोनभद्र के साथ अपाचे बाइक से घूमने निकले थे। बाइक राहुल चला रहे थे। बाइक राजगढ़ थाना क्षेत्र के महदेउआ बस्ती के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों सड़क पर गिरकर तड़पने लगे। सडक पर तड़पते देख राहगीरों ने पुलिस को




फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंचे राजगढ़ थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव ने एंबुलेंस से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक नक्सल अनिल कुमार पांडे ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। सीएचसी में डॉक्टर ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल गोलू व अर्चना को प्राथमिक इलाज कर ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतक और घायलों के परिजनों को सूचना दी। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। राहुल और उसके साथी बैंड बाजा में काम करते हैं। थानाध्यक्ष राणा प्रताप ने बताया कि ट्रक में पीछे से बाइक जा घुसी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई।

# प्राथमिक विद्यालय के पास से काटे गए जेट्रोफा के पौधे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र के करौदा प्राथमिक विद्यालय का दौरा कर खंड शिक्षा अधिकारी ने अध्यापकों से आस-पास स्थित जेट्रोफा के पौधों को कटवा दिया। करौदा कुटिया बस्ती में जाकर बीमार हुए बच्चों के अभिभावकों से मिलकर उन्हें ऐसे जहरीले फल का सेवन न करने के लिए कहने की नसीहत दी।



उपचार के बाद सभी बच्चे स्वस्थ हो गए हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद सभी अपने घर आ गए हैं। सोमवार को छुट्टी होने के बाद प्राथमिक विद्यालय करौदा के 21 बच्चे जेट्रोफा का फल खाकर बीमार हो गए थे। जिन्हें परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया था। जहां रात में उनका इलाज किया गया। मंगलवार को सुबह बच्चे स्वस्थ होकर अपने घर चले गए। खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम चंद्र यादव ने मंगलवार को गांव में जाकर स्कूल का मुआयना किया। साफ-सफाई के लिए खंड विकास अधिकारी रमाकांत ने सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई।

# महिला का सिर मुड़वाकर पहिनाया चप्पल की माला, मामले पर एनएचआरसी सख्त चीफ सेक्रेटरी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** भूत- प्रेत के शक में महिला का सिर मुड़वाकर चप्पल जूते की माला पहनाकर चेहरे पर काजल चुना पोतकर और जूता चप्पल की माला पहनाकर गांव में घुमाने के मामले मे मानवाधिकार सी डब्लू ए की शिकायत पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए प्रमुख सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग ने मामले पर सुनवाई करते हुए चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि पीड़िता को क्यो न एक लाख रुपये का मुवावजा दिया जाय। मामले में छह सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूरा मामला कोतवाली क्षेत्र के पडवनिया गांव का है। जहाँ एक विधवा महिला को भूत प्रेत से सम्बंधित पञ्चायत में भूत प्रेत करने वाली महिला के रूप में दोषी ठहराते हुए बाल छिलवाकर घुमाया गया। मामला संज्ञान में आने के बाद मानवाधिकार सी डब्लू ए के चेयरमैन योगेन्द्र कुमार सिंह (योगी) ने मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग में भेजकर दोषियों के ऊपर कठोरतम कार्यवाई करने एवं पीड़िता को ऊँचीत मुवावजा दिलाने के लिए अनुरोध किया था। आयोग ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दिनांक 29/11/2022 की कार्यवाई के तहत जिला मजिस्ट्रेड सोनभद्र और पुलिस अधीक्षक सोनभद्र से




रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जिसके तहत एक रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें कहा गया कि आठ आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,323,504,506,500,509, के तहत प्राथमिकी संख्या 254/2022 दर्ज की गई। पीड़िता का बयान सीआरपीसी 1973 की धारा 161 के तहत दर्ज किया गया था। जिसमे आरोपी मकौड़ी की संलिप्तता पाई गई जिसको तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी दानिया पत्नी मकौड़ी और एक अन्य ओझा उदय राज के सम्बंध में पुलिस ने 31/07/2022 को धारा 151,107, 116 सीआरपीसी, 1973 के तहत निवारक कार्यवाई की गई। तत्पश्चात जांच के दौरान अन्य अभियुक्तों अर्थात सावित्री, कविता और हुबलाल कि भी संलिप्तता पाई गई। उन्हें भी गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य 11(ग्यारह) अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र संख्या 181/22 दिनांक 02/10/2022 आईपीसी की धारा 147,323,504,506,500,509, आईपीसी सम्बंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। दिनांक 13/02/2023 को अपराध की अपमान जनक और आघात को ध्यान में रखते हुए आयोग ने मामले पर सुनवाई करते हुए चीफ सेक्रेटरी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पूछा कि पीड़िता को तत्काल अंतरिम राहत क्यो नही दी गई। क्या मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 की धारा 18 (3) के तहत 1 लाख रुपये की पीड़िता को अनुशंसित नही किया जाना चाहिए क्योंकि उसके मानव अधिकारों का घोर उलंघन किया गया है। आगे अपने निर्देश में आयोग ने कहा है कि राज्य की जिम्मेदारी है कि वह ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोके।

# उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अन्तर्गत किया गया बच्चों का चिन्हाकन- राजेश कुमार खैरवार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** 14 फरवरी 2023 को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह सोनभद्र के निर्देश के क्रम में जिला प्रोवेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार के आदेश पर ब्लॉक दुध्दी के सभागार कक्ष में खण्ड विकास अधिकारी नीरज कुमार तिवारी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति ,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,महिला शक्ति केंद्र की टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आहुत किया गया, बैठक मे खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान देने के साथ ही बच्चों लिए चलाये जा रहे राज्य एवं केंद्र सरकार की समस्त योजनाओं से पात्र बच्चों को जोड़ने के लिए अत्यधिक प्रचार प्रसार कि आवश्यकता बताया तथा सुदूर वर्ती इलाकों मे बृहद प्रचार प्रसार के माध्यम से महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओ के लिए चलाये जा रहे निराश्रीत महिला पेंशन, विधवा पुत्री विवाह अनुदान, पुनर्विवाह अनुदान व विभिन्न प्रकार की हेल्प लाइन नम्बरो को जन जन तक पहुँचाने के लिए ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति कि बैठक के साथ ही लोगों को जागरूक किया जाना आवश्यक है तभी आम जनमानस अपने अधिकारों का लाभ ले पाएंगे साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे द्वारा बताया गया कि ऐसे परिवारों को चिन्हित किया जाए जिनके परिवार के माता या पिता,संरक्षक की मार्च 2020 के बाद मृत्यु हुई हो उनके परिवार के अधिकतम दो बच्चो को 18 वर्ष पूर्ण होने तक या बारहवीं पास होने तक उन्हे प्रत्येक बच्चे 2500 रू प्रतिमाह की दर से उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य से आर्थिक सहायता दी जाएगी




गांव मोहल्ले में बैठक किए जाने साथ ही जरूरतमंदों को चिह्नित किए जाने और उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया जाये। बैठक में ब्लॉक प्रमुख रंजना चौधरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार मौर्य, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शाह आलंम अंसारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सैलाश राम, जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी गायत्री दुबे, महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी, व चंद्रावती देवी, रजनी देवी, शांति, रेखा व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# आग्रह देश हित में एक दिन ना बेचे मसाला गुटखा व सिगरे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** लाल गुलाब देकर नशा मुक्त सेनानियों ने किया गुटखा, पान, मसाला, तम्बाकू बेचने वाले



व्यापारियों से सप्ताह में एक दिन नशे का सामान ना बेचने का आग्रह प्रवीण अवस्थी ने बताया कि14 फरवरी को जहां एक तरफ पाश्चात्य देशों सहित वैश्वीकरण के युग में हमारे देश में भी प्रेम दिवस के रूप में मनाया जाता है। वही कुछ वर्षों पहले हुई भयावह आतंकवादी घटना और पुलवामा शहीदों की याद में हम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में देश के अमर शहीदों की याद में काला दिवस मनाते हैं।समाजसेवी रीना त्रिपाठी ने कहा कि देश की रक्षा के लिए एक तरफ लाखों सैनिक सीमाओं पर पहरा दे रहे हैं अक्सर हम किसी न किसी आतंकवादी घटना या दुर्घटना में अपने सैनिकों को खोने का दुखद समाचार सुनते हैं। एक तरफ देश का युवा अपने प्राण देश की रक्षा के लिए निछावर कर रहा है वहीं दूसरी तरफ देश के अंदर सर्वाधिक युवा वाला हमारा देश भारत अपने युवाओं को नशे की गिरफ्त में फंसकर अपने प्राण बिना किसी कारण खोते हुए देख रहा है।वाकई आज प्रेम दिवस मनाने वाले हम, समाज के उन सभी लोगों का यह कर्तव्य है कि बेवजह अपने युवा शक्ति को बर्बाद होने से बचाएं। देश से नशे का खात्मा हो सके और हमारा हिंदुस्तान नशा मुक्त बन सके,इस मुहिम को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं। अभिभावको बच्चों को ज्यादा से ज्यादा समय दें ताकि वह किसी अवसाद से ग्रस्त होकर प्रेम के झूठे चुनावों में फस कर यह जीवन में असफल होने पर किसी गलत रास्ते का चुनाव ना करें और नशे से दूर रह सकेंनशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का.. महिला विंग टीम ने पान की गुमटीओ तथा उन सभी दुकानों में जाकर गुलाब देकर यह आग्रह किया कि हफ्ते में एक दिन तंबाकू से संबंधित वस्तुओं गुटका, पान मसाला, सिगरेट बीड़ी ना बेचे । इस प्रकार की नशे की वस्तुएं बेचने वालों ने स्वीकार किया कि वह इन सब चीजों से दूर रहते हैं तथा नशा बेचने वाले खुद नहीं चाहते कि उनके बच्चे किसी प्रकार के नशे की गिरफ्त में आए कार्यक्रम का आयोजन संसदीय कार्यालय अन्नपूर्णा कंपलेक्स सेक्टर एच लखनऊ में प्रवीण अवस्थी प्रवीण बाबा ,रोशन मिश्रा, सिद्धार्थ पांडे ने किया। कार्यक्रम में रीना त्रिपाठी, गीता सिंह ,विनीता त्रिपाठी निशा सिंह ,रेनू त्रिपाठी ,रश्मि मिश्रा पूनम चौहान,सविता गोयल, अभिषेक पांडे ,अमृता वर्मा ,शिप्रा त्रिवेदी, निष्ठा सिंह ,सविता पांडे ,रिंकू प्रवीण कुमार मिश्रा ,गौरव दिवेदी सहित सैकड़ों जागरूक नागरिक उपस्थित हुए।

# 22 ग्राम हिरोईन एक किलो 200 ग्राम गाजे के साथ दो अभियुक्त कि हुई गिरफ़्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 14.02.2023 को थाना अनपरा पुलिस द्वारा 01 नफर हिरोईन तस्कर बबलू भारती पुत्र राजू भारती निवासी धरिकार बस्ती, डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के कब्जे से 22 ग्राम हिरोईन (अनुमानित कीमत 02 लाख रुपये) व अभियुक्त संदीप कुमार बियार पुत्र रामनन्दन निवासी चन्दूवार, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र के कब्जे से 01 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना अनपरा पर मु0अ0सं0-34/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व मु0अ0सं0-35/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गयी । **गिरफ्तारी का विवरण -** 1.बबलू भारती पुत्र राजू भारती निवासी धरिकार बस्ती, डिबुलगंज, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 2. संदीप कुमार बियार पुत्र रामनन्दन निवासी चन्दूवार, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र **बरामदगी का विवरण-** 1. अभियुक्त बबलू भारती उपरोक्त के कब्जे से कुल 22 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन( अनुमानित कीमत 02 लाख रुपये ) बरामद । 2. अभियुक्त संदीप कुमार बियार



उपरोक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद **अभियुक्त संदीप बियार का आपराधिक इतिहास-** 01. मु0अ0सं0-169/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र । 02. मु0अ0सं0-117/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट, थाना शक्तिनगर, जनपद सोनभद्र **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1. थानाध्यक्ष नागेश सिंह, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र । 2. व030नि0 संतोष कुमार सिंह, थाना शक्तिनगर,जनपद सोनभद्र । 3. 30नि0 विनोद कुमार यादव, थाना शक्तिनगर,जनपद सोनभद्र । 4. हे0का0 विनोद कुमार, थाना शक्तिनगर,जनपद सोनभद्र । 5. का0 मनोज कुमार गुप्ता, थाना शक्तिनगर,जनपद सोनभद्र । 6. का0 मनीष कुमार भारती, थाना शक्तिनगर,जनपद सोनभद्र । 7. का0 अनिल कुमार, थाना शक्तिनगर,जनपद सोनभद्र ।

# आठ साल की बालिका के साथ पिता के चचेरे भाई ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका घर से पांच सौ मीटर दूर अपनी बहन के साथ खेल रही थी। खेलने के बाद वह



अपनी बहन के साथ घर लौटी। सिवान में उसकी बहन का कपड़ा छूट गया था। जिसे लेने के लिए आठ वर्ष की बालिका दोबारा वहां पर पहुंची। उसे सिवान में जाता देख उसके पिता का 32 वर्षीय चचेरा भाई वहां पर पहुंचा। कछवां थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार की शाम को घर से पांच सौ मीटर दूर सिवान में खेल रही आठ वर्षीय बालिका के साथ रिश्ते में चाचा लगने वाले युवक ने दुष्कर्म किया। बालिका ने घर पर आकर इसकी सूचना परिजनों को दी। सोमवार को परिजनों ने यह बात किसी को नहीं बताई। मंगलवार को बालिका का पिता थाने पहुंचकर इसकी सूचना दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पाक्सो व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव निवासी आठ वर्षीय बालिका घर से पांच सौ मीटर दूर अपनी बहन के साथ खेल रही थी। खेलने के बाद वह अपनी बहन के साथ घर लौटी। सिवान में उसकी बहन का कपड़ा छूट गया था। जिसे लेने के लिए आठ वर्ष की बालिका दोबारा वहां पर पहुंची। उसे सिवान में जाता देख उसके पिता का 32 वर्षीय चचेरा भाई वहां पर पहुंचा। उसने बालिका के साथ दुष्कर्म किया। रोती बिलखती बालिका ने घर पहुंच कर अपने पिता से सारी बात बताई। लोक लाज के भय से सोमवार को परिजनों ने यह बात किसी को नहीं बताई। मंगलवार को बालिका का पिता थाने पहुंचकर दुष्कर्म की तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने बालिका को मेडिकल के लिए भेज कर आरोपी लखेरू उर्फ दीपक के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। एएसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चुनार आरपीएफ ने पीपीडीयू नग स्टेशन से पकड़ा कछुवा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** चुनार आरपीएफ के उप निरीक्षक ने सोमवार की रात मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस (12506) ट्रेन से



21 बोरियों में भरे 157 कछुआ बरामद किया। आरपीएफ टीम ने कछुआ तस्करी के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया। बरामद कछुआ डीडीयू रेंज के वन विभाग को सौंप दिया गया। कानपुर से नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन पीडीडीयू नगर जा रही थी। आरपीएफ पोस्ट की सूचना पर चुनार आरपीएफ के उप निरीक्षक शिवचंद्र सिंह भी टीम के साथ पीडीडीयू नगर स्टेशन पहुंचे। वहां ट्रेन रुकने पर कानपुर से आ रही टीम और चुनार आरपीएफ पोस्ट की टीम ने कोच संख्या एस-वन व एस-टू से 21 बोरियों में भरा कछुआ ट्रेन से नीचे उतारा। उसे आरपीएफ पोस्ट पीडीडीयू नगर लाया गया। जहां सभी बोरियों को खोलवाकर देखा गया तो 27 बड़े और 130 छोटे कछुए बरामद हुए। जिनका कुल वजन 440 किलोग्राम था। इसकी कीमत पांच लाख 28 हजार रुपये आंकी गई। आरपीएफ टीम ने कछुआ तस्करी के आरोप में नौ लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए लोगों में कुसुम निवासी महेशुआ थाना हनुमानगंज जिला सुल्तानपुर, अनीता, रूक्शा, लक्ष्य, शत्रुघ्न निवासी अमर गांधीनगर थाना जगदीशपुर जिला अमेठी, पिंकी, राकेश, छब्बू, पंचम निवासी गांधीनगर थाना जगदीशपुर जिला अमेठी शामिल हैं।

# केंद्रीय विद्यालय भवन के निर्माण पर फिर फंसा पेच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मिर्जापुर।** जिले के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा व भविष्य से जुड़े अति महत्वपूर्ण केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिर्जापुर के हाथ निकलने



की आशंका पैदा हो गई है। सालों बाद केंद्रीय विद्यालय भवन के निर्माण मिली जमीन पर निर्माण की तैयारी चल ही रही थी कि एक बार फिर से पेच फंस गया है। जिस भूमि पर केंद्रीय विद्यालय भवन का निर्माण किया जाना है, दो महीने पहले वहां से 132 केवीए की हाईटेंशन लाइन गुजार दी गई। अब यह कहा जा रहा है कि जिला प्रशासन ने ही यह जमीन केंद्रीय विद्यालय संगठन को उपलब्ध कराई तो फिर वहां से हाई टेंशन तार कैसे गुजार दी गई। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने जिलाधिकारी से इस मामले की विस्तृत आख्या मांगी है। मिर्जापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल के प्रयास से केंद्रीय विद्यालय जिले में खुलने की उम्मीद बंधी थी। खुद की भूमि, परिसर न होने की स्थिति में अस्थाई तौर पर इसका संचालन राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर में पिछले कई साल से हो रहा है। कई बार पत्राचार व बैठकों के दौर के बाद केंद्रीय विद्यालय भवन के निर्माण के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से कंतित में जमीन चिह्नित की गई। कंतित के देवरी गांव में पांच एकड़ भूमि पर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को केंद्रीय विद्यालय भवन के निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। करीब 5.20 करोड़ रुपये अवमुक्त भी कर दी गई। पांच फरवरी को सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि भूमि के दक्षिण पूर्व हिस्से से 132 केवीए की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। जो पिछले दो माह के भीतर बनी है। इससे भूमि का .54 एकड़ हिस्सा प्रभावित हो रहा है। जो केंद्रीय विद्यालय संगठन के विद्यालय भवनके लिए अनुपयुक्त भूमि है। हाइटेंशन लाइन को उक्त भूमि से हटवाने के लिए केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य रुपाली परिहार ने केंद्रीय मंत्री को संबोधित पत्र लिखा। पत्र को संज्ञान में लेकर केंद्रीय मंत्री ने जिलाधिकारी से पत्राचार किया है। इसके साथ ही विद्यालय के भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है।

# शहडोल की पूजा वस्त्राकर का चमका सितारा ऑक्शन में एमआई ने इतने रुपये में खरीदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के लिए सोमवार को मुंबई में ऑक्शन हुआ। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आलराउंडर खिलाड़ी पूजा वस्त्राकर को मुंबई इंडियंस ने 1.9 करोड़ में खरीदा। यह दिन उनके जीवन के लिए बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। पहली बार वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलने जा रही हैं। बेटी के आईपीएल में खेलने को लेकर सबसे ज्यादा खुशी पूजा के पिता बंधनराम वस्त्राकर को है। उनका कहना है कि पूजा पांचवीं में पढ़ती थी, तब से ही बल्ला उठाकर मैदान में खेलने जाती थी और आज वह दिन है कि उसे पूरे विश्व क्रिकेट का कोहिनूर हीरा माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन?हें बड़ा गर्व हो रहा है क्योंकि उनकी बेटी मुंबई इंडियंस के लिए खेलेगी और एक सामान्य से परिवार से इतने बड़े मुकाम पर पहुंची है।उन्होंने यह भी बताया कि दो बार घुटने की चोट के बाद भी उसने अपनी प्रैक्टिस को जारी रखी थी। उसका लक्ष्य था क्रिकेट.. क्रिकेट.. क्रिकेट...। कोरोना काल में जब घर में थी, तब भी वह लगातार छत पर प्रैक्टिस में लगी रहती थी और फिजिकल अभ्यास करती रहती थी पूजा ने दोपहर को अपने पिता से फोन पर बात भी की। उन्होंने पिताजी से पूछा कि ऑक्शन में मेरा नाम आया है। आप देख रहे हैं तो उन्होंने कहा कि हां बेटा मैं टीवी के सामने ही बैठा हूं। पूजा ने इस दौरान अपने घर के अन्य लोगों से भी बात की। परिवार के लोगों में जितना उत्साह है, उतना शहर के लोगों में भी उत्साह है। लोग काफी खुश हैं।महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में पूजा को क्रिकेट की बारीकियां सिखाने वाले कोच आशुतोष श्रीवास्तव का कहना है कि मेरे पास तो खुशी जाहिर करने के लिए शब्द ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत ही खुशी है कि जिस बेटी को उन्होंने इतने अच्छे ढंग से सिखाया। आज वह इतने अच्छे मुकाम पर पहुंची है और यह न केवल मेरे लिए बल्कि पूरे शहडोल पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य एवं शहडोल क्रिकेट डिवीजन एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील खरे का कहना है कि यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है और मुझे इतनी खुशी है जिसको बयान नहीं किया जा सकता।



# जम्मू कश्मीर की जसिया अख्तर को 20 लाख रुपये, दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की प्रतिभाशाली क्रिकेटर जसिया अख्तर वीमेन प्रीमियर लीग के लिए चयनित कर ली गई हैं। दिल्ली कैप्टिल्स ने मुम्बई में हुई वीमेन आईपीएल ऑक्शन में जसिया अख्तर को 20 लाख रुपये के बेस प्राइस में खरीदा है। वीमेन आईपीएल के मुकाबले 4 मार्च को आरंभ होंगे। सोमवार को 448 खिलाड़ियों की नीलामी में पांच टीम रायल चैलेंजर्स बंगलौर, मुम्बई इंडियंस, गुजरात जायंट्स, यूपी वॉरियर्स और दिल्ली कैप्टिल्स ने खिलाड़ियों को खरीदा जसिया अखतर नीलामी सूची में 250वें नंबर पर थीं, जबकि प्रदेश की एक अन्य खिलाड़ी सरला देवी 305 नंबर पर थीं। हालांकि, सरला देवी को वीमेन आईपीएल के लिए किसी भी टीम ने नहीं खरीदा है, लेकिन बावजूद इसके सरला के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि इस साल नहीं, लेकिन अगले साल वह आईपीएल में जगह बनाने में जरूर कामयाब रहेंगी। इसी बीच जम्मू कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन के प्रशासक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने जसिया अख्तर को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अभी यह मात्र शुरूआत है और आने वाले समय में जम्मू कश्मीर की अन्य महिला खिलाड़ी भी आने आईपीएल में जगह बनाने में कामयाब होंगी 34 वर्षीय जसिया अख्तर कश्मीर के शोपियां जिला की रहने वाली हैं। वह आलराउंड खिलाड़ी के रूप में जानी जाती हैं। इससे पहले वह पंजाब के लिए भी खेल चुकी हैं। जसिया इंडिया वीमेन रेड, इंडिया वीमेन बोर्ड प्रेजिडेंट इलेवन, इंडिया ए वीमेन और इंडिया डी वीमेन टीम में भी भाग लेकर अपनी प्रतिभा साबित कर चुकी हैं।



# 14 फरवरी को दूसरी बार शादी करेंगे हार्दिक पांड्या बेटा अगस्त्य बनेगा बाराती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 14 फरवरी 2023 को अपनी पत्नी





नताशा के साथ दूसरी बारी शादी करने वाले है। उदयपुर में रॉयल अंदाज से यह कपल इस बार पूरी रीति-रिवाज से शादी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बता दें कि हार्दिक-नताशा ने साल 2020 में कोर्ट मेरिज की थी, इस दौरान सिर्फ उनका परिवार ही शादी में शामिल रहा, लेकिन इस बार हार्दिक-नताशा की शादी बड़े धूम-धाम से की जाएगी। दरअसल, टीम इंडिया के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या अपनी पत्नी नताशा स्टेनकॉविक और परिवार के साथ उदयपुर पहुंच चुके है। 13 फरवरी को हार्दिक और नताशा की मेंहदी सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 14 फरवरी को यह कपल अपनी पहली शादी के 3 साल बाद दूसरा विवाह करेगा। वेडिंग का थीम व्हाइट रखा गया है। यानी कि दोनों की शादी में पहुंचने वाले सभी मेहमान सफेंद रंग के कपड़ों में नजर आने वाले है। हार्दिक और नताशा की शादी की शोभा को बढ़ाने के लिए कई क्रिकेटर्स और बॉलीवुड एक्टर्स नजर आ सकते है। बता दें कि हार्दिक पांड्या और नताशा का एक बेटा भी है, जिसका नाम अगस्त्य पांड्या है।

# यूपी वॉरियर्स की सबसे महंगी खिलाड़ी बनीं दीप्ति शर्मा, यहां देखें पूरा स्क्वाड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**यूपी वॉरियर्स को महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए सोमवार को संपन्न खिलाड़ियों की नीलामी में छुपा रुस्तम कहना गलत नहीं होगा। मुंबई के जियो वर्ल्ड कंवेंशन सेंटर पर संपन्न नीलामी में यूपी वॉरियर्स ने बड़ी चतुराई के साथ खिलाड़ियों पर दांव लगाया और अपना 16 सदस्यीय स्क्वाड तैयार किया। इसमें 6 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। यूपी वॉरियर्स ने भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (2.6 करोड़ रुपये) को सबसे महंगी कीमत पर खरीदा। इसके बाद यूपी वॉरियर्स के थिंक टैंक ने अन्य उपयोगी खिलाड़ियों का चयन किया। सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा, ताहलिया मैक्ग्रा, शबनीम इस्माइल, ऐलिसा हीली, अंजलि सरवानी, राजेश?वरी गायकवाड़, पार्शवी चोपड़ा, श्वेता सेहरावत, एस यशश्री, किरन नवगिरे, ग्रेस हैरिस, देविका वैद्य, लक्ष?मी यादव, लौरेन बेल और सिमरन शेख। इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 50 लाख रुपये है। दिल्ली और गुजरात के बीच छिड़ा पैडल वॉर। यूपी वॉरियर्स भी रेस में शामिल हुए। यूपी वॉरियर्स ने सोफी एक्लेस्टोन को 1.8 करोड़ रुपये में खरीदा।भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 50 लाख रुपये है।दिल्ली कैपिटल्स ने सबसे पहले पैडल उठाया। मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स भी रेस में शामिल हुए। यूपी वॉरियर्स ने दीप्ति शर्मा को 2.6 करोड़ रुपये में खरीदा।ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज ताहलिया मैक्ग्रा का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 40 लाख रुपये है। गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच घमासान चला। यूपी वॉरियर्स ने अंत में बाजी मारी और ताहलिया मैक्ग्रा को 1.4 करोड़ रुपये में खरीदा। दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 40 लाख रुपये है। दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्स के बीच पैडल वॉर शुरू हुआ। यूपी वॉरियर्स ने शबनीम इस्माइल को 1 करोड़ रुपये में खरीदा।ऑस्ट्रेलिया की विकेटकीपर बल्लेबाज ऐलिसा हीली का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 50 लाख रुपये है। यूपी वॉरियर्स ने पैडल उठाया। मुंबई इंडियंस ने भी पैडल उठाया। यूपी वॉरियर्स ने हीली को 70 लाख रुपये में खरीदा।अंजलि सरवानी का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 30 लाख रुपये है। गुजरात और यूपी वॉरियर्स ने पैडल उठाए। यूपी वॉरियर्स ने अंजलि सरवानी को 55 लाख रुपये में खरीदा। भारतीय स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 40 लाख रुपये है। यूपी वॉरियर्स ने पैडल उठाया। यूपी वॉरियर्स ने राजेश्वरी गायकवाड़ को उनकी बेस प्राइस में खरीदा। भारतीय अंडर-19 विश्व कप चैंपियन टीम की लेग स्पिनर पार्शवी चोपड़ा का नाम आया। इनकी बेस प्राइस 10 लाख रुपये है। यूपी वॉरियर्स ने पार्शवी को उनकी बेस प्राइस में खरीदा।

# ऑक्शन में 10 भारतीय प्लेयर पर हुई सबसे ज्यादा धनवर्षा, लिस्ट में शामिल यह घातक गेंदबाज





**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**महिला प्रीमियर लीग 2023 की नीलामी मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर कंनेंशन में 13 फरवरी को संपन्न हुई। इस नीलामी में कुल 59 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च हुए, जिसमें से मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स ने अपने पर्स के पूरे पैसे खिलाड़ियों को खरीदने पर लुटा दिए बता दें कि मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स और आरसीबी ने अपनी टीम में कुल 18 खिलाड़ियों को, वहीं मुंबई इंडियंस ने 17, जबकि यूपी वॉरियर्स ने 16 खिलाड़ियों को अपने खेमे में शामिल किया। नीलामी में सबसे महंगी भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना रही, जिनपर आरसीबी ने 3.40 करोड़ रुपए की ऊंची बोली लगाकर अपने साथ जोड़ा। इसके अलावा कई ऐसे भारतीय खिलाड़ियों पर जमकर पैसों की बौछार हुई है। आइये जानते ह नीलामी के सबसे महंगे 10 भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट।

# इंग्लैंड को विश्व कप जिता चुके कप्तान ने किया संन्यास का ऐलान, शेयर किया भावुक पोस्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन ने क्रिकेट



के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने सोमवार यानी 13 फरवरी को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट लेने की घोषणा की। दरअसल, मॉर्गन 28 जून 2022 को इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके थे। ऐसे में उन्होंने आज तीनों फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान किया। दरअसल, इंग्लिश टीम के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन ने एक ट्वीट के जरिए क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी दी। उन्होंने एक ट्वीट शेयर कर लिखा,'मैं बहुत गर्व के साथ क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं। काफी सोचने के बाद मैंने यह फैसला लिया है। इस खेल ने मुझे इतने सालों में काफी कुछ दिया है। साल 2005 में इंग्लैंड जाने से लेकर मिडिलसेक्स में शामिल होने और में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलने तक, मैंने हर पल का लुत्फ उठाया है'' उन्होंने आगे कहा कि, ''हर प्लेयर की तरह मेरे करियर में भी उतार-चढ़ाव आए, लेकिन मेरा परिवार और दोस्त इस दौरान मेरे साथ रहे। मैं अपनी पत्नी तारा, अपने परिवार और करीबी दोस्तों को दिल से धन्यवाद कहना चाहता हूं।''इयोन मोर्गन ने साल 2019 में इंग्लैंड में ही खेले गए वनडे वर्ल्ड कप में अपनी टीम को खिताब जिताया था। वह इंग्लैंड के लिए वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाले पहले कप्तान भी बने। लंबे समय से आउट ऑफ फॉर्म चलने के कारण उन्होंने पिछले साल ही इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। बता दें कि इयोन मोर्गन ने कुल 115 टी-20 मैच खेलते हुए 2458 रन बनाए है। वहीं, 248 वनडे मैच खेलते हुए उन्होंने 7701 रन बनाए। इसके अलावा 16 टेस्ट मैच में उन्होंने 700 रन बनाए।



# राशिफल



**मेष-:**आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:**आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:**आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:**आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:**आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:**आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:**आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:**आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:**आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:**आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।






# निधि ने तय किया स्लम से सिल्वर मेडल तक का सफर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**कुछ करने की चाह हो तो अभाव आपके रास्ते की बाधा कभी नहीं बन सकती और कुछ ऐसा ही कर दिखाया है दिल्ली की जूडो खिलाड़ी निधि ने। निधि शाहाबाद डेयरी के पास स्थित स्लम



एरिया में रहती हैं और उनका जीवन बेहद अभाव में बीत रहा है, लेकिन उन्होंने कभी इसे अपनी सफलता की राह में बाधा नहीं बनने दिया। जूडो खेल के प्रति अपने जुनून और मेहनत के दम पर उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में दिल्ली के लिए 44 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मेडल अपने नाम किया। निधि ने कहा कि जब वो 10 साल की थीं तब उन्होंने जूडो खेलना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि जब वह मैं स्कूल में थीं तब हमें गर्मी की छुट्टियों में जूडो सिखाई जाती थी और इसे देखकर मैंने सोचा कि मुझे भी यह सीखना चाहिए। पहले यह हमें अपनी सुरक्षा के लिए सिखाई जा रही थी, लेकिन बाद में मुझे इस खेल में आनंद आने लगा और मैंने इसमें आगे बढ़ने का फैसला किया। निधि ने कहा कि जब वो 10 साल की थीं तब उन्होंने जूडो खेलना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि जब वह मैं स्कूल में थीं तब हमें गर्मी की छुट्टियों में जूडो सिखाई जाती थी और इसे देखकर मैंने सोचा कि मुझे भी यह सीखना चाहिए। पहले यह हमें अपनी सुरक्षा के लिए सिखाई जा रही थी, लेकिन बाद में मुझे इस खेल में आनंद आने लगा और मैंने इसमें आगे बढ़ने का फैसला किया। जब मैंने खेलना शुरू किया था तब घरवालों का सपोर्ट मुझे नहीं मिला था। ड्रेस ही उस वक्त 500 रुपये का था, जिसे हमारा परिवार खरीद पाने में समर्थ नहीं था, लेकिन नेशनल लेवल पर जब मेडल आया तब उनका सपोर्ट मिलना शुरू हुआ। मेरे पिता फैक्ट्री में मजदूर का काम करते हैं और मां हाउस वाइफ हैं, लेकिन उन्होंने बहुत सारे अभाव के बाद भी मुझे सपोर्ट किया और कर रहे हैं। अपनी डायट के बारे में उन्होंने बताया कि उसकी कमी तो रहती थी, लेकिन मेरे पिता से जितना होता था वो करते थे। वैले मेरे टीचर्स काफी अच्छे थे जो मुझे काफी सहयोग करते थे और मेरे लिए अच्छे डायट का इंतजाम करते थे।

# रीयल मैड्रिड ने अपने ही रिकॉर्ड में किया सुधार, आठवीं बार क्लब विश्व कप जीता

**रबात।** विनिसियस जूनियर ने दो गोल दागे और करीम बेनजेमा को गोल करने में मदद की, जिससे रीयल मैड्रिड ने क्लब विश्व कप




फाइनल में सऊदी अरब के अल हिलाल को 5-3 से हराकर अपने ही रिकार्ड में सुधार करते हुए आठवीं बार खिताब जीता। शनिवार को फाइनल में यूरोपीय चैंपियन रीयल मैड्रिड की ओर से दो अन्य गोल फेडेरिको वेलवर्डे ने किए। अल हिलाल की टीम मैच में कभी बढ़त नहीं बना पाई, लेकिन उसने साबित किया कि ब्राजील के क्लब फ्लेमेंगो को हराकर फाइनल में जगह बनाना तुक्का नहीं था। फाइनल में टीम की ओर से लूसियानो वीटो ने दो जबकि मोसा मारेगा ने एक गोल दागा। विनिसियस ने 13वें मिनट में मैड्रिड को बढ़त दिलाई और फिर 69वें मिनट में टीम की ओर से पांचवां और अंतिम गोल दागा। इससे पहले टेंगियर में फ्लेमेंगो ने तीसरे स्थान के मुकाबले में मिस्त्र के क्लब अल आहली को 4-2 से हराया। दक्षिण अमेरिकी चैंपियन फ्लेमेंगो की ओर से पेड्रो और गैब्रियल बारबोसा ने दो-दो गोल किए। अल आहली की ओर से दोनों गोल अहमद अब्देल कादिर ने दागे।थामस मुलर ने बायर्न म्यूनिख की ओर से रिकार्ड मुकाबले खेलने का जश्न गोल करके मनाया, जिससे गत चैंपियन टीम बोकुम को 3-0 से हराकर बुंदेसलीग फुटबाल टूर्नामेंट में शीर्ष पर बरकरार है। बायर्न की ओर से मूलर 428वां लीग मुकाबला खेल रहे थे जो क्लब के महान खिलाड़ी गर्ड मुलर से एक अधिक है। यह आउटफील्ड में खेलने वाले किसी खिलाड़ी के क्लब के लिए रिकार्ड मैच हैं। गोलकीपर ओलीवर काहन (429) और सेप मायर (473) ने ही इससे अधिक मैचों में क्लब का प्रतिनिधित्व किया है। मुलर ने 41वें मिनट में बायर्न म्यूनिख को बढ़त दिलाई, जिसके बाद किंग्सले कोमैन और सर्गेई गनेबरी ने भी एक-एक गोल दागा। इस जीत से बायर्न ने अंक तालिका में यूनियन बर्लिन पर एक अंक की बढ़त बनाए रखी है, जिसने लेपजिग के विरुद्ध पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की।

# सम्पादकीय

## प्रश्नपत्र लीक होने की बीमारी, परीक्षार्थियों में असंतोष के साथ ही सरकार की साख को भी पहुंचती है चोट

किसी भी देश का भविष्य उसकी शिक्षा-व्यवस्था पर निर्भर करता है। शिक्षा के माध्यम से ही कोई समाज एवं देश प्रगति की ओर बढ़ता है, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि शिक्षा क्षेत्र की कई समस्याओं के समाधान की कोई राह नहीं दिख रही है। इन्हीं में से एक है प्रश्नपत्र लीक होने की समस्या। शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां किसी न किसी प्रतियोगी या नियमित परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सुर्खियों में न रहता हो। बीती 29 जनवरी को गुजरात में जूनियर लिपिक भर्ती परीक्षा और एक फरवरी को बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के गणित का प्रश्नपत्र लीक होने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पटवारी भर्ती लिखित परीक्षा के साथ ही अवर अभियंता और सहायक अभियंता की भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने का प्रकरण सामने आ गया। प्रश्नपत्र लीक होने के ये केवल इक्का-दुक्का मामले नहीं हैं, बल्कि इनकी एक लंबी सूची है। पिछले वर्षों में राजस्थान, हिमाचल, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, बंगाल और बिहार आदि राज्यों से प्रश्नपत्र लीक होने के मामले आते रहे हैं। गत वर्ष भी बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित बीपीएससी की परीक्षा, राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा, राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित वन रक्षक भर्ती परीक्षा, बंगाल में डीएलएड पाठ्यक्रम की वार्षिक परीक्षा, हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग की जेओए आइटी भर्ती परीक्षा, मध्य प्रदेश प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, उत्तर प्रदेश में राजस्व लेखपाल की मुख्य परीक्षा, उत्तराखंड अधीनस्थ चयन आयोग की स्नातक स्तर के पदों की परीक्षा तथा अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अभियंता परीक्षा जैसी तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले चर्चा में रहे। प्रश्नपत्र लीक होने के लगभग हर प्रकरण के पश्चात संबंधित राज्यों की सरकार कड़ी कार्रवाई करने की घोषणा करती है। एसआइटी गठित करती है। परीक्षा रद करती है। भविष्य में कदाचार-मुक्त परीक्षाओं के आयोजन का आश्वासन देती है, परंतु मूल समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। शिक्षा-तंत्र में गहरी पैठ रखने वाले नकल माफिया पर इसका कोई असर नहीं पड़ता। प्रश्न यह है कि इन नकल माफिया को सहयोग और प्रोत्साहन कहां से मिलता है? क्या उन्हें शिक्षा एवं सरकारी तंत्र में शीर्ष पदों पर बैठे वरिष्ठ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है या ऐसे अपराधों के प्रति कठोर कानून एवं दंड-विधान का अभाव उन्हें इसके लिए उत्प्रेरित करता है नकल माफिया कानूनी दांवपेच के माहिर खिलाड़ी होते हैं। छोटी मछलियां तो फिर भी गिरफ्त में आ जाती हैं, पर बड़ी-बड़ी मछलियां अपने प्रभाव का उपयोग कर निरंकुश घूमती रहती हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों में राजस्थान में पिछले 11 वर्षों से लगभग प्रति वर्ष औसतन 150 केस दर्ज हुए हैं, लेकिन सजा किसी एक को भी नहीं हुई है। यह भी उल्लेखनीय है कि बीते 11 वर्षों में अकेले राजस्थान में ही 38 से अधिक बड़ी परीक्षाओं के पर्चे लीक हो चुके हैं। प्रश्नपत्र लीक करवाने के मामले में कई बार बड़े-बड़े कोचिंग केंद्रों एवं संचालकों की भी संलिप्तता पाई जाती है। नकल आज एक देशव्यापी कारोबार बनता जा रहा है, जिसके कई लाभार्थी और अंशधारक हैं। राजनेता से लेकर अधिकारी तक, प्रश्नपत्र निर्माता से लेकर समन्वयक तक, परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्थाओं और आयोगों से लेकर परीक्षा केंद्रों तक की संदिग्ध भूमिका या मिलीभगत से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसलिए परीक्षा आयोजित कराने वाले राज्यों की सरकारों को हर स्तर पर कड़ी निगरानी रखनी होगी, विभिन्न राज्यों के आयोगों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बनाना होगा। आज भारत के युवा ऊंचे लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं। वे तमाम कठिनाइयों एवं अभावों से जूझते हुए कई वर्षों तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। तमाम राज्यों में तो विभिन्न आयोगों द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाएं भी नियमित अंतराल पर नहीं होतीं। परिणामस्वरूप इन परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को कई-कई वर्षों तक लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती है। नौजवानों के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं न केवल उज्ज्वल भविष्य का, अपितु कई बार अस्तित्व का भी प्रश्न बन जाती हैं।

## चीनी जासूसी गुब्बारों की नई सिरदर्दी, भारत जैसे देश भी होंगे इनके निशाने पर

इन दिनों जासूसी गुब्बारे सुर्खियों में छाए हुए हैं। इनकी कड़ियां चीन से जुड़ी हुई हैं। अमेरिका से लेकर कनाडा में इन गुब्बारों के दिखने और उन्हें गिराए जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इससे एक प्रकार के नए शीत युद्ध की आहट



सुनाई पड़ रही है। विशेषकर अमेरिका ने जिस प्रकार मिसाइल-लड़ाकू विमानों द्वारा चीनी जासूसी गुब्बारों को उड़ाने और उनके अवशेष वापस न करने का फैसला किया है, उससे दोनों देशों के रिश्तों में कुछ समय से कायम तल्खी और बढ़ गई है। अमेरिकी एजेंसियां इन अवशेषों की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही हैं। स्वाभाविक है कि इसके बाद विश्व की दो बड़ी शक्तियों के बीच संबंधों में सुधार की उम्मीदों को झटका लगेगा। यह पूरा प्रकरण भले ही कौतुक से परिपूर्ण रहा, लेकिन उससे कहीं बढ़कर यह वैश्विक राजनीति के कठिन दौर के उन रुझानों की ओर संकेत करता है जहां की तस्वीर वास्तविकता से इतर दिखती है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का राष्ट्र के नाम वार्षिक संबोधन इसी पृष्ठभूमि में हुआ। हालांकि उनका संबोधन मुख्य रूप से अगले कार्यकाल की अपनी दावेदारी को पुख्ता करने पर ही केंद्रित रहा। बाइडन ने चीनी जासूसी गुब्बारे का विशेष उल्लेख तो नहीं किया, अलबत्ता चेतावनी भरे लहजे में यह जरूर कहा कि, 'हमने पिछले सप्ताह स्पष्ट कर दिया कि यदि चीन हमारी संप्रभुता के लिए खतरा उत्पन्न करेगा तो हम अपने देश की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई अवश्य करेंगे और हमने बिल्कुल वही किया।' स्पष्ट है कि उनका आशय कुछ दिनों पहले दक्षिण कैरोलिना तट के निकट चीनी गुब्बारे पर हुई सैन्य कार्रवाई से था।

# धार्मिक मान्यताओं की मनमानी व्याख्या, अपने मत की सर्वोच्चता स्थापित करने और उसे औरों पर थोपने की कोशिश

पिछले दिनों दिल्ली में जमीयत उलेमा ए हिंद के तीन दिवसीय आयोजन में इस संगठन के एक गुट के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी और दूसरे गुट के प्रमुख अरशद मदनी ने जो कुछ कहा, उस पर केवल विवाद ही नहीं खड़ा हो गया है, बल्कि उससे हिंदू भी हैरान हैं और मुसलमान भी। महमूद मदनी ने यह कहकर लोगों को चकित किया कि खुदा का पहला पैगाम इसी धरती यानी भारत पर आया। उनके हिसाब से चूंकि यह धरती इस्लाम का जन्मस्थान और मुसलमानों की पहली मातृभूमि है, इसलिए यह कहना गलत और ऐतिहासिक रूप से निराधार है कि इस्लाम बाहर से आया मजहब है। मानो लोगों को विस्मित करने के लिए इतना ही पर्याप्त न हो, उन्होंने यह भी कह दिया कि इस्लाम इस देश का सबसे प्राचीन पंथ है और अंतिम पैगंबर मोहम्मद साहब उसी पंथ को पूरा करने के लिए आए थे, जिसका आरंभ भारत से हुआ। उनकी मानें तो खुदा के पहले पैगंबर आदम भारत में ही अवतरित हुए। एक तरह से उन्होंने इस्लाम के जन्म और प्रसार के संदर्भ में तमाम मान्यताएं ध्वस्त कर दीं। किसी के लिए भी समझना कठिन है कि यदि इस्लाम भारत का सबसे प्राचीन पंथ है तो 1400 साल पहले सऊदी अरब में क्या हुआ था क्या वहां इस्लाम की शुरूआत नहीं हुई थी, जैसा कि इस्लामी जगत के साथ दुनिया भर में माना और जाना जाता है? प्रश्न यह भी है कि यदि इस्लाम भारत का सबसे प्राचीन पंथ है तो क्या सनातन धर्म उसके बाद की उपासना पद्धति है ध्यान रहे कि कुरान या हदीस में कहीं पर भी यह नहीं कहा गया है कि पहले पैगंबर हजरत आदम भारत में अवतरित हुए। यदि महमूद मदनी जो कह रहे हैं, वह सही है तो क्या इस्लामी जगत इससे अपरिचित रहा




कि हजरत आदम भारत में अवतरित हुए थे क्या कारण है कि कुरान अथवा हदीस में यहूद अर्थात यहूदियों और नसारा यानी ईसाइयों का तो जिक्र है, लेकिन हिंदुओं या फिर सनातनियों का नहीं इस प्रश्न का सीधा सरल उत्तर यही है कि इस्लाम के प्रवर्तकों को यह पता ही नहीं था कि हिंदू या सनातनी कौन होते हैं, कहां रहते हैं और उनकी उपासना का तरीका क्या है वे सनातन धर्म के साथ बौद्ध और जैन धर्म से भी अपरिचित थे। इसकी भी अनदेखी न करें कि उनके लिए मूर्ति पूजा हराम यानी निषेध थी। इसी कारण भारत में जो भी आक्रांता तलवार के बल पर इस्लाम फैलाने आए, उन्होंने बड़े पैमाने पर मूर्ति भंजन किया। उन्हें केवल मंदिरों को लूटने से ही चैन नहीं था। उन्हें मूर्तियों को तोड़ने में विशेष आनंद आता था। यदि हजरत आदम भारत में अवतरित हुए और इस धरती का सबसे प्राचीन पंथ इस्लाम है तो फिर मोहम्मद बिन कासिम, गोरी, गजनवी, खिलजी, तैमूर और बाबर आदि क्या फकीर बनकर भारत में इस्लाम की शिक्षा ग्रहण करने आए थे आखिर इन आक्रांताओं ने कथित तौर पर इस्लाम की धरती भारत को क्यों रौंदा इन दुष्ट आक्रमणकारियों को इसका कोई लिहाज क्यों नहीं था कि भारत प्रथम पैंगबर हजरत आदम की धरती है और खुदा का पहला पैगाम यहीं आया स्पष्ट है कि महमूद मदनी ने दूर की फेंकी है। यह वही जानें कि उनकी ओर से जो कुछ कहा गया, उसका उद्देश्य क्या है, लेकिन उनके मकसद की एक झलक दी उनके चाचा और जमीयत उलेमा ए हिंद के दूसरे गुट के प्रमुख मौलना अरशद मदनी ने। उन्होंने फरमाया कि ऊँ और अल्लाह एक हैं। क्या वह गांधीजी की तरह ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम.. कहना चाहते हैं। पता नहीं, वह क्या चाहते हैं, लेकिन जब गांधीजी ने यह भजन अपनाया तो अधिकांश मुस्लिम नेतृत्व ने उसे अपना समर्थन नहीं दिया, क्योंकि उसकी नजर में यह अल्लाह को ईश्वर के साथ साझा करना यानी शिर्क है। इस्लामी मान्यताएं यह कहती हैं कि अल्लाह हर तरह के गुनाह को माफ कर सकता है, लेकिन शिर्क को नहीं। क्या चाचा मदनी और भतीजे मदनी के साथ उनके समर्थक एवं अनुयायी सचमुच यह कहने-मानने को तैयार हैं कि ऊँ-अल्लाह एक हैं? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि 2016 में स्कूल-कालेज में योग दिवस मनाए जाने के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देश का कई मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया था और देवबंद समेत कुछ ने तो फतवा तक जारी किया था। उस समय महमूद मदनी ने कहा था कि हम मुस्लिमों को योग से कोई समस्या नहीं है, लेकिन कुछ शब्द ऐसे हैं, जिन्हें सही करने की जरूरत है। स्पष्ट है कि उनकी आपत्ति ऊँ पर थी। हर पंथ-मजहब के अनुयायियों की अपनी विशिष्ट मान्यताएं होती हैं। सभी को उन पर विश्वास करने का अधिकार है, लेकिन यह अधिकार किसी को नहीं कि कोई अपनी मान्यताएं दूसरे मत के अनुयायियों पर जबरन थोपे और इसके लिए अपनी और उनकी धार्मिक मान्यताओं की मनमानी व्याख्या भी करे। मदनी चाचा और भतीजे यही करते दिख रहे हैं। आखिर वे यह साबित करने पर क्यों तुले हैं कि अल्लाह, आदम, खुदा के पैगाम आदि के बारे में वे जो कह रहे हैं, वही अकाट्य और अंतिम सत्य है इससे भी बड़ी समस्या यह है कि वे इस पर जोर दे रहे हैं कि उनके कहे को सही मानकर सब स्वीकार करें। यह और कुछ नहीं अपने मत-मजहब की सर्वोच्चता स्थापित करने और उसे औरों पर जबरदस्ती थोपने की कोशिश है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह विचित्र है कि यह कोशिश सर्वपंथ समभाव का संदेश देने के नाम पर की गई। आश्चर्य नहीं कि जमीयत उलेमा ए हिंद के वार्षिक अधिवेशन से ऐसा कोई संदेश निकलता हुआ नहीं दिखाई दिया। इसलिए और नहीं, क्योंकि शांति-सद्भाव का संदेश मनमाने तरीके से नहीं दिया जाता।

# दुनिया के लिए संकटमोचक बनता भारत, तुर्किये और सीरिया में राहत अभियान संवेदनशील भावी महाशक्ति के उभार का संकेत

छह फरवरी को तुर्किये और सीरिया मे आए विनाशकारी भूकंप से हुए विध्वंस से पूरा विश्व मर्माहत है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे इक्कीसवीं सदी की सबसे बड़ी आपदाओं मे से एक






घोषित किया है। हादसे में जान-माल की क्षति और मानवीय पीड़ा इतनी गंभीर है कि शब्दों में उसका वर्णन संभव नहीं लगता। ऐसे विपत्ति काल में दुनिया के कई देशों ने राहत एवं बचाव अभियान में योगदान शुरू किया है। संकट में तो छोटा सा योगदान भी बहुत बड़ा होता है, परंतु जिस प्रचंड आपदा से तुर्किये और सीरिया दो-चार हुए, उसमें आवश्यकता इतनी अधिक थी कि केवल सक्षम देश ही त्वरित एवं प्रभावी सहायता प्रदान कर पाते। गर्व की बात यही है कि ऐसे देशों की सूची में भारत का नाम प्रमुखता से शामिल है। 'सच्चा मित्र वही, जो समय पर काम आए' की कहावत को चरितार्थ करते हुए भारत ने तुर्किये के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में शुरुआती तीन दिनों में ही 201 बचाव कर्मी और 170 चिकित्सा कर्मी उतारे। केवल अजरबैजान, इजरायल और फ्रांस ने ही बचाव कार्य में भारत से अधिक कर्मी भेजे, जबकि चिकित्सा दलों के मामले में भारत शीर्ष पर रहा। जहां तक भौगोलिक दूरी की बात है तो भारत, तुर्किये और सीरिया से 4,600 किलोमीटर दूर है, जबकि बाकी बड़े मददगार पश्चिम एशिया के या करीबी यूरोप से थे। इसके बावजूद भारत ने जिस तादाद में राहत सामग्री उपलब्ध कराई, अस्थायी अस्पताल स्थापित किए और मलबे मे फंसे पीड़ितों को जीवित निकाला, इससे एक समानुभूतिक, मजबूत और निपुण देश का परिचय मिला। भारत के 'आपरेशन दोस्त' ने बिना किसी पंथ, राष्ट्रीयता या राजनीतिक पूर्वाग्रह से 'वसुधैव कुटुंबकम्' के विचार को साकार करते हुए न केवल प्रभावित जनता, बल्कि सरकारों का भी दिल जीता। बीते कुछ वर्षों के दौरान भारत ने दूसरे देशों में घटित आपदाओं से निपटने में जो दक्षता दिखाई है, उसे विश्व ने सराहा है। 2022 में 'आपरेशन गंगा' के तहत भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध के आरंभिक दिनों में ही वहां फंसे तकरीबन 25,000 भारतीयों सहित 18 अन्य देशों के 147 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला। उससे पहले 2015 में यमन युद्ध के दौरान भारत ने 'आपरेशन राहत' के अंतर्गत कुल 4,640 भारतीय नागरिकों और 41 देशों के 960 विदेशियों को सुरक्षित जगहों तक पहुंचाया। 2011 में लीबिया युद्ध के आरंभिक दौर में 'आपरेशन सेफ होमकमिंग' के जरिये 15,000 भारतीय नागरिकों को चंद हफ्तों में ही बचाकर स्वदेश लाया। पड़ोसी देशों में भी जब-जब कोई आपदा आई है, तब-तब भारत संकटमोचक रूप धारण करके बचाव एवं राहत कार्य में अव्वल रहा है। 2004 में हिंद महासागर की सुनामी के समय भारत ने श्रीलंका में 'आपरेशन रेनबो', मालदीव में 'आपरेशन कास्टर' और इंडोनेशिया मे 'आपरेशन गंभीर' जैसे अभियान चलाकर तत्काल राहत पहुंचाकर अपनी सदाशयता का परिचय दिया। इसी प्रकार 2015 में नेपाल में आए भूकंप के छह-सात घंटों के भीतर ही भारत ने 'आपरेशन मैत्री' के माध्यम से भरसक सेवा की और 43,000 भारतीयों की सफल निकासी करवाई। यही कारण है कि हिंद महासागर क्षेत्र में भारत को राहत में सबसे पहले पहल करने वाले देश की ख्याति प्राप्त है, क्योंकि आपदा में समय बहुत महत्वपूर्ण होता। जितना समय गंवाया, क्षति उतनी ही अधिक पहुंचती है। भारत की ऐसी उपलब्धि और प्रतिष्ठा में हमारे सैन्य बलों के अनुकरणीय तालमेल और आपदा से निपटने की पूर्व तैयारियों एवं अभ्यास का अहम योगदान है। देश में जब भी कोई आपदा आती है तो सेना के सभी अंग अपने धैर्य, निपुणता और उत्कृष्ट सेवा भाव से राहत एवं बचाव का दारोमदार संभालते हैं। इसी अनुभव एवं दक्षता के दम पर अंतरराष्ट्रीय आपदाओं में हमारे सैन्य बल अन्य मददगार देशों के मुकाबले एक कदम आगे होते हैं। दूरस्थ देशों में भारतीय सैन्य बल योजनाबद्ध ढंग से मानवीय सहायता प्रदान करते हैं। हालांकि हमारी सेना के तीनों अंगों के बीच 'संयुक्त कमान' का गठन अभी शेष है, लेकिन किसी भी आपदा में ये सभी गजब की एकजुटता और तालमेल से काम करते हैं। मानवीय सहायता और आपदा राहत के मैदान में भारत इसलिए भी अग्रणी देशों में एक है, क्योंकि हमने आपदाओं में 'नागरिक-सैन्य समन्वय' के सिद्धांत को अपनाकर उसे लागू किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल यानी एनडीआरएफ में पुलिस और अर्धसैनिक बल अक्सर सेना और स्थानीय प्रशासन एवं नागरिकों के साथ तालमेल बनाकर प्रभावी हस्तक्षेप करते हैं। आपदाओं में लाखों लोगों की जान बचाने का श्रेय हमारी इन्हीं संस्थाओं को जाता है, जिन्होंने समाज को साथ लेकर कार्य संचालन की बढ़िया शैली विकसित की है। एक शक्तिशाली लोकतांत्रिक देश होते हुए भारत ही आपदाओं से निपटने के लिए ऐसा अनोखा संयोजन तैयार कर सकता है। चीन स्वयं को मानवीय संकटों में दुनिया के मददगार के रूप में पेश करता है, लेकिन अपने तानाशाही दृष्टिकोण के कारण उसका प्रभाव भारत के मुकाबले कम है। अंतरराष्ट्रीय आपदाओं में राहत प्रदान करने के मोर्चे पर भारत के शीर्ष पर रहने का एक कारण साफ्ट पावर को लेकर हमारे राजनीतिक नेतृत्व की समझ भी है। किसी दूरदराज के देश में पीड़ितों को बचाकर, उन्हें आवश्यक वस्तुएं मुहैया कराकर हमें क्या मिलेगा? इस प्रश्न का उत्तर साफ्ट पावर और अंतरराष्ट्रीय जनमत में हमारे देश की छवि के विस्तार में निहित है। प्रधानमंत्री मोदी ने तुर्किये और सीरिया को 'हरसंभव सहायता' का वादा यह जानते हुए किया कि ऐसी आपदाओं में 'अच्छे वैश्विक नागरिक' बनकर दिखाने का मौका मिलता है। आपदा प्रतिक्रिया के सामरिक लाभ भी हैं। अगर किसी देश ने पूर्व में भारत की अनदेखी की या भारत के विरुद्ध रुख अपनाया हो, तो आपदा में मानवीय दृष्टिकोण से राहत प्रदान कर उसके साथ नए सिरे से रिश्ते बनाने का अवसर मिलता है। एक उदार मानवीय शक्ति के तौर पर भारत आज जिस मुकाम पर है, वह एक भावी महाशक्ति का लक्षण ही है। दुनिया भर में फैले ढेर सारे दोस्तों के आधार पर ही भारत अपने विस्तारशील हितों की रक्षा कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### महंगाई के मोर्चे पर राहत के संकेत, दो साल के न्यूनतम स्तर पर थोक मुद्रास्फीति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जनवरी 2023 के लिए थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी कर दिए हैं। जनवरी में थोक मुद्रास्फीति 4.73 प्रतिशत हो गई है। दिसंबर में ये आंकड़ा 4.95 प्रतिशत था। थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है, जो इस बात की ओर इशारा कर रही है कि जनता को आने वाले समय में महंगाई से राहत मिल सकती है। बता दें, कल उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े जारी हुए




थे, जिसमें खुदरा महंगाई दर 6.52 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह तीन महीनों में पहली बार है, जब खुदरा महंगाई दर 6 प्रतिशत के ऊपर पहुंच गई है। इससे पहले अक्टूबर 2022 में यह 6.77 प्रतिशत थी। पिछले महीने मुद्रास्फीति की दर में गिरावट मुख्य रूप से ईंधन और बिजली के साथ अन्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी 2023 में घटकर 24 महीने के निचले स्तर 4.73 प्रतिशत पर आ गई। खाद्य सूचकांक मुद्रास्फीति दिसंबर के 0.65 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी में 2.95 प्रतिशत हो गई। आपको बता दें कि ेंइ्घ् आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट का यह लगातार आठवां महीना है। दिसंबर 2022 में यह 4.95 फीसदी, पिछले साल नवंबर में 5.85 फीसदी और जनवरी 2022 में 13.68 फीसदी थी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जनवरी, 2023 में मुद्रास्फीति की दर में गिरावट मुख्य रूप से खनिज तेल, रसायन और रासायनिक उत्पाद, कपड़ा, कच्चा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, कपड़ा और खाद्य उत्पादों का योगदान है।

# 28 फरवरी को पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला सैनिक बंधु समिति की होगी बैठक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कर्नल कपिल कत्याल (अ0प्रा0) ने पूर्व सैनिकों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कि अध्यक्षता में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए दिनांक 28 फरवरी 2023 को अपरान्ह 12:00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सूरजपुर में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आहूत की जाएगी। अतः पूर्व सैनिकों आयोजित होने वाली बैठक में निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग करते हुए अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# पुलिस और गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश के बीच मुठभेड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा लेबर चौक के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति जो कि



मोटरसाइकिल पर आ रहा था, को रोकने का प्रयास किया गया जिसपर उक्त मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा भागने का प्रयास किया गया। पीछा करने पर जयपुरिया चौराहे के पास रोड पर, उपरोक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई जिसके जवाब में पुलिस टीम द्वारा की गई फायरिंग में उक्त अभियुक्त अरविंद उर्फ अर्जुन पुत्र जय राम निवासी अमरोहा, पैर में गोली लगने के कारण घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा .315 बोर मय दो कारतूस(01 जिन्दा व 01 खोखा) बरामद हुए है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा जा रहा है। उपरोक्त अभियुक्त थाना सेक्टर-39 से गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

# इंडिपेंडेंट अकाउंटिंग फर्म को किया नियुक्त, खातों की होगी जांच

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विवादों में घिरे अडानी ग्रुप ने कुछ कंपनियों के ऑडिट के लिए इंडिपेंडेंट अकाउंटिंग फर्म को नियुक्त किया है। ये नियुक्ती ऐसे समय पर की गई है, जब अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने अडानी ग्रुप पर खातों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। समाचार एजेंसी पीटीआई को सूत्रों के हवाले से बताया कि अडानी ग्रुप का ये कदम आरबीआई, जैसे रेगुलटरों को विश्वास दिलाना है कि कंपनी में छुपाने के लिए कुछ भी नहीं है और कंपनी सभी जरूरी कानूनों का पालन कर रही है।ऑडिट में कंपनियों में इस बात की जांच की जाएगी कि कंपनियों के खातों में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी तो नहीं है। साथ ही जो लोन बैंकों से जिस प्रोजेक्ट के लिए लिया गया है, उसके फंड का इस्तेमाल उसी के लिए किया गया है या नहीं। सूत्रों ने आगे बताया कि ऑडिट में काफी समय लगेगा, लेकिन इससे साफ हो जाएगा कि कंपनी की बुक अच्छी स्तिथि में है और सभी प्रोजेक्ट्स ऑन टाइम ट्रैक पर हैं, जिस पर सभी निवेशकों की निगाहें हैं।

# आतंकवाद से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ मजबूत साझेदारी चाहता है यूएस अमेरिका का बयान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका आतंकवाद से मुकाबले के लिए पाकिस्तान के साथ मजबूत साझेदारी चाहता है। साथ ही क्षेत्रीय एवं वैश्विक आतंकवादियों तथा अन्य सुरक्षा खतरों को समाप्त करने के लिए अमेरिका सहयोगात्मक प्रयासों को लेकर आशान्वित है। यूएस-पाकिस्तान मिड-लेवल डिफेंस डायलॉग का दूसरा दौर यहां हो रहा है, जो 12 से लेकर 16 फरवरी तक चलेगा। पहला दौर जनवरी 2021 में पाकिस्तान में हुआ था। पाकिस्तानी टीम का नेतृत्व चीफ ऑफ जनरल स्टाफ (सीजीएस) लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद सईद कर रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी रक्षा विभाग में अपने समकक्षों के साथ बातचीत करेगा। सेनाध्यक्ष के बाद सीजीएस पाकिस्तान सेना में दूसरे सबसे प्रभावशाली कार्यालय का प्रमुख है। वह पाकिस्तान की खुफिया और परिचालन बलों दोनों का प्रशासनिक प्रमुख है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने 13 फरवरी को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'यह उन चर्चाओं को जारी रखने और उन लक्ष्यों की ओर साझेदारी को गहरा करने का एक अवसर है।' उन्होंने कहा, 'हम आतंकवाद से मुकाबले पर पाकिस्तान के साथ मजबूत साझेदारी चाहते हैं। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने संवाददाताओं से कहा, हम क्षेत्रीय और वैश्विक आतंकवादियों और अन्य सुरक्षा खतरों को खत्म करने के लिए सहयोगी प्रयासों का इंतजार कर रहे हैं।इस बीच, विदेश विभाग ने कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग के काउंसलर डेरेक चॉलेट 14-18 फरवरी तक बांग्लादेश और पाकिस्तान में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। यह वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, नागरिक समाज के सदस्यों और व्यापार जगत के नेताओं से मिलेंगे और द्विपक्षीय साझेदारी के हमारे महत्व को उजागर करेंगे। इसके साथ ही हमारे साझा लक्ष्यों की पुष्टि करेंगे।एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि बांग्लादेश में प्रतिनिधिमंडल रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर समन्वय और प्रतिक्रिया पर चर्चा करेगा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग को मजबूत करने और संयुक्त राज्य अमेरिका और बांग्लादेश के बीच सुरक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ बांग्लादेशी अधिकारियों से मुलाकात करेगा पाकिस्तान में प्रतिनिधिमंडल आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, जलवायु संकट के प्रभावों को दूर करने में सहयोग करेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका और पाकिस्तान के बीच लोगों से लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेगा। काउंसलर चॉलेट पेशावर मस्जिद में हाल के आतंकवादी हमले के लिए अमेरिकी संवेदना व्यक्त करेंगे। साथ ही 2022 की विनाशकारी बाढ़ से उबर रहे पाकिस्तानी लोगों के साथ हमारी एकजुटता की पुष्टि करेंगे।



# अंतर्राज्यीय ठरॉक स्टार वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश,गैंग लीडर गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** चेकिंग के दौरान थाना बीटा-2 पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय ठरॉक स्टार वाहन चोर गैंगठ



लीडर विपिन पुत्र बदलू निवासी बिरोनडी फौलादपुर, थाना चोला, जिला बुलन्दशहर को थाना क्षेत्र के चारों सिग्मा गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशादेही पर राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से चोरी की गयी 24 मोटरसाइकिल (फर्जी नम्बर प्लेट लगी व चेसिस नम्बर घिसी हुयी) बरामद हुयी है। अभियुक्त शातिर किस्म का अंतर्राज्यीय वाहन चोर है, जिनका दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में एक सक्रिय गैंग है जिसका गैंग लीडर विपिन है। अभियुक्त शिवम इस गैंग का सक्रिय सदस्य है। दोनों खुद को मोटरसाइकिल चोरी में रॉक स्टार मानते है और अपनी मोटर साइकिल के पीछे ठ्ठद राकठ्ठ लिखकर चलते है। इस गिरोह से पूछताछ के दौरान भिन्न-2 राज्यों से मोटर साइकिल चोरी की लगभग पाँच दर्जन से अधिक घटनाओं को अंजाम देने का इकबाल किया गया है। अभियुक्तों द्वारा राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में घूम फिरकर रेकी करके खासकर स्पलैण्डर मोटरसाइकिल को टारगेट कर चोरी करते हैं एवं चोरी की गयी मोटर साइकिलों पर पुलिस को धोखा देने की नियत से फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर व चेसिस नम्बर घिसकर मोटर साइकिलों को गैराज में लाकर खडा करके चोरी की गयी मोटर साइकिलों के सामान को स्वयं के गैराज में मरम्मत के लिए आयी मोटरसाइकिल में बदलकर अवैध धन अर्जित करते है। अभियुक्त शिवम अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया है जिसकी तलाश प्रयास जारी है।

# अखिल भारतबर्षीय ब्राह्मण महासभ द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा गौतम बुद्ध नगर के पदाधिकारियों के द्वारा एसडीएम



दादरी आलोक गुप्ता को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा ब्राह्मणों पर की गई टिप्पणी वह सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्रीरामचरितमानस व महान गोस्वामी तुलसीदास के विरुद्ध की गई टिप्पणियों का जिक्र करते हुए निंदा की गई और कार्यवाही की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा प्रदेश महामंत्री मास्टर परमानंद शर्मा जिला अध्यक्ष अशोक वैद कार्यकारी अध्यक्ष उमेश शर्मा मंडल अध्यक्ष राजेश राजकुमार शर्मा नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा जिला महामंत्री मास्टर राम कुमार शर्मा शहर महामंत्री रणवीर शर्मा जिला कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, रूप किशोर शर्मा रामानंद शर्मा विनोद शर्मा गायत्री तिवारी रामवीर शर्मा पुरुषोत्तम शर्मा सुरेंद्र शर्मा ज्ञान पंडित नरेंद्र शर्मा एडवोकेट शिव कुमार शर्मा विनोद शर्मा छोलस के अलावा सैकड़ों लोग नगर अध्यक्ष के कार्यालय पर और मुख्य पदाधिकारी ज्ञापन देने एसडीएम के पास पहुंचे विदित है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा धरना प्रदर्शन के लिए रोक लगा दी गई थी सिर्फ ज्ञापन देना है इसलिए शांति पूर्वक जाकर के एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# न्यूजीलैंड ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की, हजारों लोगों के घरों की बिजली हुई गुल

**विलिंगटन।** चक्रवात गैब्रियल के कारण व्यापक तौर पर आई बाढ़, भूस्खलन और समुद्री जल स्तर के बढ़ने के कारण न्यूजीलैंड ने राष्ट्रीय



आपातकाल घोषित कर दिया है।देश के इतिहास में यह तीसरा मौका है जब आपातकाल की घोषणा की गई है। चक्रवात के कारण लोग अपने घर खाली करने और छतों पर शरण लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं। अनुमान के मुताबिक, लगभग 2 लाख 25 हजार लोगों की बिजली आपूर्ति बाधित हुई है पूरे देश में हुआ है नुकसान आपातकाल की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने बताया कि न्यूजीलैंड के लोगों के लिए यह एक कठिन रात रही है। खासकर उत्तर के ऊपरी इलाके के लिए। कई परिवारों को अपना स्थान छोड़ना पड़ा है। बहुत सारे घरों में बिजली नहीं है। पूरे देश में व्यापक नुकसान हुआ है।स्थानीय समय के मुताबिक दोपहर 3 बजे चक्रवात गैब्रियल देश के उत्तरी द्वीप से तटिय इलाके के नजदीक ऑकलैंड से 160 किलामीटर की दूरी पर था। इसके उत्तरपूर्व की और बढ़ने की आशंका है। उम्मीद की जा रही है कि यह तटिय इलाके के समानांतर बढ़ेगा।उत्तरी द्वीव के पूर्वी तट और ऊपरी दक्षिणी द्वीप के लिए मौसम संबंधी चेतावनी जारी की गई है। आपदा प्रबंधन मंत्री कैरेन मैकएन्यूलिटि का कहना है कि फिलहाल न्यूजीलैंड तूफान की सबसे खराब परिस्थितयों का सामना कर रहा है इसलिए और अधिक बारिश एवं हवाएं चलने की आशंका है। देश भारी बाढ़, भूस्खलन और सड़कों व अधोसंरचना को गंभीर नुकसान का सामना कर रहा है। पूरे देश से बिजली कंपनियां सबस्टेशनों और पावर नेटवर्क को क्षती की खबरें दे रही हैं।ऊर्जा मंत्री मैगन वुड्स कहती हैं कि लगभग 2 लाख 25 हजार लोग बिना बिजली के रह रहे हैं। प्राधिकारियों ने तटों के किनारे रहने वाले लोगों को निकाला है। नदियों के बढ़ते जलस्तर के कारण यह आशंका जताई जा रही है कि अभी और लोग अपना घर छोड़ेंगे। रास्ते बंद कर दिए गए हैं। मोबाइल सेवाएं बाधित हुई हैं और कुछ शहरों में बिजली आपूर्ति ठप है।अधिक प्रभावित इलाकों के लोगों को कमी की आशंका के चलते खाने और पानी का बचाव करने के लिए कहा जा रहा है। हैलिकॉप्टर्स और बोट द्वारा लोगों को बचाया जा रहा है। हिपकिंस ने बताया कि अभी यह कहना मुश्किल है कि कितने लोगों को विस्थापन झेलना पड़ा है। अब तक किसी भी मौत की कोई सूचना नहीं है।एयर न्यूजीलैंड के अनुसार वे आज यानी मगंलवार दोपहर से उड़ानों को दोबारा शुरू करने की तैयारी में हैं। इससे पहले गेब्रियल चक्रवात के कारण कुल 592 उड़ाने प्रभावित हुई थीं। एयर न्यूजीलैंड टर्बोप्रॉप ऑपरेशंस के साथ शुरुवात की तैयारी में है लेकिन उसने चेतावनी दी है कि ऊंची हवाओं के कारण कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।एयर लाइन ने एक अन्य वकत्व्य में कहा की उसने ऑकलैंड से आने और जाने वाली सभी घरेलु उड़ानों को 14 फरवरी के लिए भी स्थगित कर दिया है। एयर लाइन का कहना है कि ऑकलैंड एयरपोर्ट पर मौसम ऐसा नहीं है कि उड़ानों को जारी रखा जा सके। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए ऑकलैंड की इन खराब परिस्थितियों में संचालन नहीं कर सकते।

# कांग्रेस बोली- विनाशकाले विपरीत बुद्धि बीजेपी का पलटवार- पहले आईना देखो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बीबीसी दफ्तर पर आयकर विभाग (आईटी) की तलाशी अभियान के बाद कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच जुबानी जंग छिड़ गई है। कांग्रेस ने जहां इसे अघोषित आपातकाल कहा है। तो वहीं, भाजपा ने कांग्रेस को आईना देखने की नसीहत दी है। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि बीबीसी पर आईटी की छापामारी अघोषित आपातकाल है। पार्टी नेता जयराम रमेश ने कहा कि यहां हम अदाणी के मामले में जेपीसी की मांग कर रहे हैं और वहां सरकार बीबीसी के पीछे पड़ी हुई है। 'विनाशकाले विपरीत बुद्धि' कांग्रेस के हमलों के बाद भाजपा सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौर ने पलटवार किया है। राठौर ने कहा कि ऐसा लगता है अंग्रेजों ने 1947 में भारत छोड़ने के बाद बीबीसी के विघटनकारी एजेंडे को देश में आगे बढ़ाने का काम कांग्रेस को सौंप दिया था। खैर, आपातकाल और प्रेस की आजादी की बात करने वालों को आईना जरूर देखना चाहिए गौरतलब है कि आईटी अधिकारी बीबीसी के दिल्ली और मुंबई स्थित दफ्तर पर तलाशी ले रहे हैं। आईटी अधिकारी कर चोरी की जांच के सिलसिले में तलाशी ले रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कंपनी के बिजनेस ऑपरेशन्स से जुड़े कागजातों की जांच की जा रही है।

# ब्यौहारी के भोलहरा में निकाली गई विकास यात्रा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शहडोल।** 13 फरवरी 2023- विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी के भोलहरा में विधायक श्री शरद कोल ने आज विकास यात्रा का शुभारंभ कन्यापूजन के साथ किया। विकास यात्रा में विधायक ने लोंगो की समस्याए सुनी निराकरण के निर्देश यथासंभव दिये। उन्होंने लोगों को पेसा एक्ट के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में पेसा एक्ट के तहत जनजाति वर्ग के लोगों को अधिसूचित क्षेत्रों में जल, जंगल, जमीन का अधिकार दिया गया है। विधायक श्री कोल



ने आयुष्मान कार्ड योजना, लाडली बहना योजना सहित अन्य मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही विधायक श्री शरद कोल ने निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया।

# अमेरिका को अब हांगकांग के अधिकारियों से मिलने से पहले चीन की नहीं लेनी होगी मंजूरी

**हांगकांग।** अमेरिका के महावाणिज्यदूत को अब चीन के अर्द्ध स्वायत्त शहर हांगकांग में अधिकारियों से मिलने से पहले चीन की मंजूरी लेने की जरूरत नहीं से अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। एसोसिएटेड प्रेस को मंगलवार को हांगकांग वाणिज्य दूतावास द्वारा सूचित किया गया था।नियमों में ढील से



है। नवंबर के बाद से, शीर्ष राजनयिक द्वारा आयोजित किसी भी बैठक के बारे में बीजिंग को अग्रिम रूप से सूचित किया जाना चाहिए, पिछली आवश्यकता को प्रतिस्थापित करते हुए शीर्ष राजनयिक को ऐसी बैठकों से पहले चीन के विदेश मामलों के कार्यालय महावाणिज्यदूत के लिए अपने सामान्य राजनयिक अभ्यास के हिस्से के रूप में हांगकांग में अधिकारियों के साथ सीधे आदान-प्रदान करना अब आसान हो जाएगा। पिछला नियम 2020 में अमेरिका और चीन के बीच बढ़े तनाव के दौरान पेश किया गया था।

# अमेरिका के मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, 3 की मौत; कई लोग हुए घायल

**लांसिंग।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना सामने आई है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार, पूर्वी लांसिंग में स्थित मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में सोमवार को गोलियां चलाई गईं। जिसमें तीन की मौत हो गई है, जबकि पांच लोगों को है।डेट्रायट न्यूज ने मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (शएळ) के प्रवक्ता एमिली गुएरेंट का हवाला देते हुए कैंपस में तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है। एमिली गुएरेंट ने डेट्रायट न्यूज को बताया कि मौत की खबर की जानकारी बर्की हॉल के अंदर



इस गोलीबारी में चोटें आई हैं। गोलीबारी में तीन की मौत मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी पुलिस का कहना है कि कैंपस में गोलियां चलीं, जिसमें तीन की मौत हुई है। पुलिस ने ट्वीट कर कैंपस और आस-पास के लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। हालांकि, गोलीबारी के बारे में कुछ ज्यादा जानकारी का पता नहीं चल पाया है, लेकिन विश्वविद्यालय पुलिस ने ट्विटर पर कहा कि बर्क हॉल के नाम से प्रसिद्ध एक शैक्षणिक इमारत और आईएम ईस्ट एथलेटिक सुविधा के पास दो स्थानों पर गोलीबारी की गई मिली है। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (शएळ) पुलिस ने बताया कि गोलीबारी में कई लोगों के घायल होने की सूचना है। मिशिगन राज्य की राजधानी लैंसिंग के उत्तर-पश्चिम में लगभग 90 मील की दूरी पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया है। इस बात की जानकारी ईस्ट लैंसिंग पुलिस ने ट्वीट कर दी है। उन्होंने बताया कि है कि संदिग्ध एक कम उम्र का लड़का है और उसने मास्क पहन रखा है। बताया जा रहा है कि वह पैदल ही जाता हुआ दिखाई दिया है। पुलिस ने कहा कि एथलेटिक सुविधा आईएम ईस्ट को सुरक्षित कर लिया गया है।

# अजय देवगन की बेटी नीसा बोल्ड ड्रेस पहन पहुंची पार्टी में, लोगों ने कहा 'एक मिनट, ये इतनी गोरी कैसे हो गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सिंघम अजय देवगन और काजोल इंडस्ट्री के पावर किया गया। इस दौरान नीसा का बोल्ड लुक देख फैंस के होश उड़े हुए हैं। अजय देवगन की बेटी नीसा कमेंट्स आ रहे हैं। वहीं, इस पर कमेंट कर जहां कई यूजर्स नीसा के लुक की तारीफ कर रहे हैं तो कई



कपल माने जाते हैं। दोनों की जोड़ी न सिर्फ पर्दे पर बल्कि रियल लाइफ में भी हिट हैं। अजय और काजोल की तरह ही उनकी बेटी नीसा देवगन भी आए दिन चर्चाओं में घिरी रहती हैं। नीसा अक्सर ही अपने बोल्ड लुक की वजह से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। उन्हें अक्सर पार्टीज में फैंस के साथ मस्ती करते देखा जाता है। इसी बीच नीसा एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। हाल ही में नीसा को एक नाइट पार्टी से बाहर आते वक्त स्पॉट देवगन का हाल ही में पार्टी लुक काफी सुर्खियों में रहा है। इस दौरान नीसा का ट्रांसफॉर्मेशन देख लोग दंग रह गए हैं। नीसा ने पार्टी में पिंक शॉर्ट ड्रेस पहन रखी थी, जो हद से ज्यादा शॉर्ट थी। वहीं, नीसा ने अपने बालों को ओपन कर स्टाइल दिया था। नीसा का मेकअप इतना ज्यादा था कि लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। नीसा देवगन का ये वीडियो बॉलीवुड फोटोग्राफर विरल भयानी के इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया गया है। इस वीडियो पर लगातार फैंस के उन्हें ट्रोल करते दिख रहे हैं। वहीं,कई ने तो नीसा के रंग पर कमेंट कर सवाल किया। वीडियो पर एक यूजर ने लिखा है, 'एक मिनट, ये इतनी गोरी कैसे हो गई।' एक और ने लिखा है, 'अजीब ड्रेस है। सिर्फ कलर अच्छा।' वहीं, नीसा के सपोर्ट में एक कमेंट है, 'लोग इतने जजमेंटल हैं, खराब कमेंट्स करने की क्या जरूरत है, अगर बोलने के लिए कुछ अच्छा नहीं तो अपने शब्दों पर ध्यान दो।' इस तरह के कई और कमेंट नीसा के इस वीडियो पर आ रहे हैं।

# 'ड्रीम गर्ल 2' की पूजा से मिलने के लिए बेकरार हुए 'पठान', फोन पर फिक्स की ये डेट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 2019 में आई आयुष्मान खुराना की ब्लॉकबस्टर जा सकते हैं। लिप्सटिक, अनारकली सूट, कर्ली बाल और हैवी मेकअप किए आयुष्मान जवाब आता है कि पहले से और भी ज्यादा जवान। इसके बाद पठान पूछते हैं पूजा से कि कब



हिट मूवी ड्रीम गर्ल का सेकेंड पार्ट जल्द ही यूजर्स के लिए हाजिर होने वाला है। एक्टर ने इस फिल्म का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शाह रुख खान की पठान का मजेदार ट्विस्ट है। इस वीडियो को शेयर करते हुए बताया गया है कि यह फिल्म 7 जुलाई को आ रही है। ड्रीम गर्ल 2' को एकता कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूस किया है। शेयर किए गए वीडियो में आयुष्मान खुराना लड़की बनकर पठान से फोन पर बात करते देखे खुराना, पठान से बात करते हैं। वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि पूरी पिक्चर में वह लड़की के रूप में नजर आएंगे। वीडियो में आयुष्मान खुराना, पूजा नाम की लड़की का किरदार प्ले कर रहे हैं। उन्हें लड़की के गेटअप में दिखाया गया है। आयुष्मान खुराना फोन उठाते हैं और बोलते हैं 'हेलो मैं पूजा बोल रही हूं आप कौन?' दूसरी तरफ से शाह रुख कहते हैं 'मैं पठान बोल रहा हूं।' इस पर पूजा कहती हैं 'कैसे हो मरे पठान'। इस पर आ रही हो। पूजा कहती है '7 जुलाई को साथ-साथ। वीडियो में जिस तरह से दोनों स्टार्स ने अपनी-अपनी फिल्म को प्रमोट किया है, उसे देखकर फैंस में यह उत्सुकता बनी हुई है कि क्या 'ड्रीम गर्ल 2' में शाह रुख नजर आएंगे या दोनों एक दूसरे की फिल्म का क्रॉस प्रमोशन कर रहे हैं। यह भी आशंका जताई जा रही है कि शायद दोनों फिल्में (जवान और ड्रीम गर्ल 2) एक साथ रिलीज हो रही हैं।

# तीसरे सोमवार को लुढ़की पठान, दीपिका-शाह रुख की केमिस्ट्री ने कमाए इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर ढेरों धमाल मचा रही है। गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले रिलीज हुई यह किया। अब फिल्म के 20वें दिन के कलेक्शन भी सामने आ गए हैं। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने तीसरे सोमवार को 4.50 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ ही



फिल्म अब भी सिनेमाघरों में छाई हुई है और कमाई के मामले में इसने इतिहास रच दिया है। 'दंगल' और 'केजीएफ 2' जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ने वाली फिल्म पठान ने घरेलू के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर भी इतिहास रच दिया है। पठान, शाह रुख खान की सबसे बड़ी कमबैक फिल्म है। पूरे चार साल बाद फिल्मी पर्दे पर वापसी करते हुए किंग खान ने इस मूवी के जरिये सफलता का नया अध्याय लिखा है। फिल्म ने पहले हफ्ते 364.15 करोड़ का कारोबार किया। दूसरे हफ्ते 94.15 करोड़ का कलेक्शन फिल्म का कुल कलेक्शन 493.65 करोड़ पहुंच गया है। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित इस मूवी ने बॉलीवुड को सफलता के नए पैगाम दिए हैं। सिर्फ डमेस्टिक मार्केट में ही नहीं, बल्कि फिल्म वर्ल्डवाइड भी धमाकेदार कमाई कर रही है। यह मूवी मात्र 20 दिनों में 1000 करोड़ का आंकड़ा छूने से बस कुछ ही करोड़ों की दूरी पर है। पठान ने अब तक 950 करोड़ की वर्ल्डवाइड कमाई कर ली है। जिस रफ्तार से फिल्म आगे बढ़ रही है, उसे देखकर यही लगता है कि कुछ दिनों में फिल्म इन आंकड़ों को भी पार कर ले जाएगी।

# एक्स वाइफ दलजीत कौर की शादी की खबर सुनकर हुए दंग कहा- मुझे कोई जानकारी नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 खत्म हो गया है। अब इस शो के फाइनलिस्ट रहे शालीन भनोट भी घर के बाहर आ गए हैं। हाल ही में जब उन्हें इस बात की जानकारी दी गई कि उनकी एक्स-वाइफ दलजीत कौर अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी करने जा रही हैं, तब इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है और ना ही सलमान खान ने या शो के निर्माताओं ने उन्हें इस बारे में कोई अपडेट दिया था। हालांकि, वह दलजीत कौर के निर्णय से खुश हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। शालीन भनोट बिग बॉस के घर में 19 हफ्ते बिताकर बाहर आए हैं। गौरतलब है कि दलजीत कौर ने हाल ही में अपनी दूसरी बार सगाई होने की घोषणा सोशल मीडिया पर की है। उन्होंने इस बात की जानकारी भी दी कि अपने होनेवाले पति निखिल पटेल के साथ शादी करने के बाद वह केन्या चली जाएंगी। बिग बॉस से निकले शालीन भनोट से जब इस बारे में बात की गई, तब उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की बिल्कुल भी कोई जानकारी नहीं है। मैं इस बारे में अब क्या कहूं। मैं अभी-अभी बिग बॉस के घर से बाहर आया हूं। इस बारे में मुझे अभी अभी पता चल रहा है। किसी भी वीकेंड का वॉर पर सलमान खान ने भी मुझे कुछ नहीं बताया। हालांकि, मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।इसके पहले दलजीत कौर ने बिजनेसमैन निखिल पटेल संग शादी की घोषणा की थी। नेपाल में सगाई करने के बाद दलजीत कौर ने इस बात की जानकारी दी थी कि वह अपने बेटे के साथ केन्या शिफ्ट हो जाएंगी। मार्च में दलजीत और निखिल शादी कर रहे हैं।



# गुरुदत्त की बहन ललिता का निधन, हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक करेंगे शादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 13 फरवरी 2023 को फिल्मी दुनिया में काफी हलचल फाउंडेशन ने दी। खबर वायरल होते ही सोशल मीडिया पर ललिता लाजमी को श्रद्धांजलि देने वालों



रही, जहां एक ओर शहजादा की बॉक्स ऑफिस बुकिंग शुरू हुई। वहीं, गुरुदत्त की बहन ललिता आजमी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आइए जानते हैं विस्तार से गुरुदत्त की बहन ललिता आजमी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से जहांगीर निकोल्सन आर्ट का तांता लग गया14 फरवरी वैलेंटाइन डे के दिन क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और नताशा स्टैनकोविक उदयपुर में शादी करेंगे। इसके पहले दोनों के परिवारों को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस अवसर पर दोनों काफी खुश नजर आ रहे थे। बता दें कि दोनों को अगस्तस्य नामक एक बेटा भी है। दोनों ने 2020 में कोर्ट मैरिज कर ली थी।

# कियारा और सिद्धार्थ की वेडिंग रिसेप्शन पर रुमर्ड कपल अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर आए साथ नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे और आदित्य राय कपूर को कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की पर अब उनके वेडिंग रिसेप्शन की इनसाइड तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रही है। एक तस्वीर में आदित्य राय कपूर को अपनी रुमर्ड



शादी के रिसेप्शन पर साथ देखा गया। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने मुंबई में रविवार की रात को एक भव्य रिसेप्शन का आयोजन किया था। इस अवसर पर बॉलीवुड के कई कलाकार उन्हें बधाई देने पहुंचे थे। सोशल मीडिया गर्लफ्रेंड अनन्या पांडे के साथ देखा जा सकता है। मनीष मल्होत्रा ने सोमवार को एक तस्वीर शेयर की है। इसमें उन्हें आदित्य राय कपूर और अनन्या पांडे के साथ बोल्ड पोज देते हुए देखा जा सकता है। तस्वीरों में उनके अलावा और भी कई लोग हैं। इनमें करण जौहर, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कृति सेनन और कियारा आडवाणी शामिल है। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, 'मस्त फैबुलस नाइट।' इस रिसेप्शन में करीना कपूर, आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, नीतू कपूर, काजोल, अजय देवगन जैसे कई कलाकारों ने भाग लिया था। इसके पहले कृति सेनन ने अपने घर पर दिवाली पार्टी का आयोजन किया था। इसमें आदित्य राय कपूर और अनन्या पार्टी ने भी भाग लिया था। इस अवसर पर दोनों की एक तस्वीर वायरल हुई थी। इसके बाद दोनों के अफेयर की खबरें वायरल होने लगी थी। नेहा धूपिया ने भी इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर की थी। इसमें उन्हें अपने पति अंगद बेदी के साथ देखा जा सकता है। हालांकि, तस्वीरों में अनन्या और आदित्य को भी देखा जा सकता है, जिस पर सभी का ध्यान गया। तस्वीरों में दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं, हाल ही में दोनों फीफा वर्ल्ड कप में भाग लेने कतर भी साथ में गए थे। इस अवसर पर चंकी पांडे, शनाया कपूर और संजय कपूर भी नजर आ रहे हैं।

# सलमान खान का डांस देख छूट गई लोगों की हंसी, बोले- लगता है वॉर्मअप कर रहे हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' काफी समय से



सुर्खियों में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का गाना 'नइयो लगदा' रिलीज हुआ, जिसमें फैंस को सलमान खान और पूजा गेहड़े की केमेस्ट्री पसंद आ रही है। सलमान खान ने बिग बॉस के ग्रैंड फिनाले में इस गान और फिल्म को प्रमोट किया था। इस गाने में सोशल मीडिया पर सलमान खान को डांस स्टेप्स के लिए काफी ट्रोल किया जा रहा। सलमान खान अपनी फिल्मों में सिंपल डांस स्टेप्स करने के लिए जाने जाते हैं। 'ढिंक चिका' हो या 'कैरेक्टर ढीला' सलमान के कई डांस स्टेप्स को धड़ल्ले से कॉपी किया गया है। अब उनका 'नइयो लगदा' गाना रिलीज हुआ है, जिसमें लोग उनके स्टेप्स को कॉपी करने की बजाय मजाक बना रहे हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है भाई बैटिंग करने जा रहे हैं और डांस करते हुए उसी का वॉर्मअप कर रहे हैं।' इसी तरह ढेरों लोगों ने सलमान खान के डांस का मजाक बनाया है। यूजर्स को उनके स्टेप्स गाने से मैच करते नहीं लग रहे। सलमान खान की यह मोस्ट अवेटेड फिल्म 24 अप्रैल को रिलीज होगी। इस मूवी के जरिये पहली बार पूजा हेगड़े सलमान खान के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती देखी जाएंगी। सलमान और पूजा के अलावा पलक तिवारी, शहनाज गिल, जगपति बाबू समेत कई लोग हैं। 'किसी का भाई किसी की जान' को फरहाद समजी डायरेक्ट करेंगे।

# श्रेयस तलपड ने फिल्म में 'ओम' पर रखा था पैर, वीडियो वायरल होने पर मांगी माफी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता श्रेयस तलपडे का एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह उनकी फिल्म कमाल, दी है। खास बात यह है कि श्रेयस तलपड़े जब ओम के निशान पर पैर रख रहे हैं, तब उनके गले में क्रॉस का एक लॉकेट लटका नजर आ



धमाल, मालामाल का है। यह फिल्म 2012 में रिलीज हुई थी। फिल्म के एक सीन में श्रेयस तलपड़े को ओम सिंबल पर पैर रखते हुए देखा जा सकता है। वीडियो वायरल होने के बाद अब उन्होंने माफी मांगी है। इसके साथ उन्होंने सफाई भी रहा है। यह वीडियो जेम्स ऑफ बॉलीवुड फैन के ऑफिशियल पेज से रिलीज किया गया है। इसके साथ लिखा गया है, 'एक क्रिश्चियन आदमी ओम पर पैर रख रहा है। कभी आपने किसी अन्य धर्म को इस प्रकार अपमानित करते हुए फिल्मों में देखा है।' साथ ही फिल्म की जानकारी दी गई है। कमाल धमाल मालामाल, 2012। फिल्म में श्रेयस तलपड़े ने जॉनी की भूमिका निभाई थी। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया था।' ट्विटर पर खबर वायरल होने के बाद से अब श्रेयस तलपड़े ने माफी मांगते हुए लिखा है, 'मैं माफी चाहता हूं।' इसके साथ उन्होंने हाथ जोड़ने की इमोजी लगाई है। वहीं, उन्होंने पोस्ट में लिखा है, 'एक शूटिंग करते समय कई फैक्टर होते हैं। इसमें माइंडसेट भी शामिल है। यह खासकर एक्शन सीक्वेंस के दौरान बहुत ज्यादा होता है। डायरेक्टर की मांग पर हम काम करते हैं। टाइम बहुत कम होता है, बहुत सारी चीजें करनी होती है लेकिन मैं यह मेरा एक्सप्लेनेशन नहीं है या मैं इसे जस्टिफाई नहीं कर रहा हूं जो आप वीडियो में देख रहे हैं।' मैं इसे लेकर यही कह सकता हूं कि यह पूरी तरह से अनइंटेंशनल था और मैं इसे लेकर बहुत ही ज्यादा क्षमाप्रार्थी हूं। मुझे यह देखना चाहिए था और डायरेक्टर के ध्यान में लाना चाहिए था। कोई बात नहीं, मैं आगे से इस बात का ध्यान रखूंगा और इस प्रकार की चीजों को रिपीट नहीं करूंगा।

# नताशा स्टेनकोविक वैलेंटाइन डे के दिन लेंगे फेरे, उदयपुर के लिए हुए रवाना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक को उदयपुर में वैलेंटाइन डे के अवसर पर भव्य समारोह में शादी करने वाले हैं। अब उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें उन्हें परिवार के साथ है। अब सभी को राजस्थान के लिए रवाना होते हुए एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया, जहां नताशा स्टेनकोविक ने ब्लैक कलर का टॉप और मैचिंग पैंट पहन रखी थी। वहीं, हार्दिक पांड्या ने ऑल ब्लैक लुक अपना रखा था। दोनों को



उदयपुर के लिए रवाना होते हुए देखा जा सकता है। खास बात यह है कि सभी काफी खुश नजर आ रहे हैं। हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक की 14 फरवरी को शादी है हार्दिक पांड्या और नताशा स्टेनकोविक की उदयपुर में 14 फरवरी को शादी है। दोनों ने सन 2020 में अचानक शादी कर सभी को चौंका दिया था। दोनों को एक बेटा भी है, जिसका नाम अगस्तस्य नताशा के परिवार के साथ बातचीत करते हुए भी देखा गया। वह भी साथ नजर आ रहे हैं।खबरों के अनुसार, कपल ने 3 साल पहले कोर्ट मैरिज की थी। इसके बाद वे भव्य अंदाज में शादी करना चाहते थे। इसे लेकर सभी बहुत उत्साहित है। शादी की रस्म की शुरुआत 13 फरवरी से होगी और यह 16 फरवरी तक चलने वाली है। इसमें हल्दी, मेहंदी और संगीत जैसे कार्यक्रम होने हैं। वहीं इसकी तैयारियां पिछले 1 साल से चल रही थी। दोनों अब शादी कर रहे है। हार्दिक पांड्या भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी है। वहीं, नताशा स्टेनकोविक एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। हार्दिक पांड्या और नताशा की लव स्टोरी है। दोनों ने दुबई में अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया था। दोनों की जोड़ी सोशल मीडिया पर भी काफी फेमस है। दोनों का अंदाज भी फैंस को काफी पसंद है। नताशा ने कई फिल्मों में गाने पर डांस भी किया है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।